


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 11 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-104 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## बीच शहर मां और बेटे की बेरहमी से हत्या

### जगदलपुर में दूसरे बेटे की आंखों के सामने खेला खूनी खेल

■ जगदलपुर 11 जुलाई

बीती रात यहां एक घर में डबल मर्डर हुआ है. अज्ञात आरोपियों ने घर घुसकर हथियारों से हमला कर मां और उसके बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी. वहीं दूसरे बेटे को आरोपियों ने बंधक बनाकर उसपर धारदार हथियार से हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल युवक का अस्पताल में इलाज जारी है. पुलिस इस दिल दहला देने वाले हत्याकांड की जांच में जुटी है. इस बीच घायल नितेश गुप्ता ने बड़ा खुलासा किया है. उसने बताया कि चार लोग ज्वेलरी शॉप में चोरी करने के लिए घर में घुसे हुए थे. लेकिन जब वह उन्हें देखकर चिल्लाने लगा तो आरोपियों ने उसे बंधक बना लिया और उसकी पिटाई की. इस बीच जब मां और बड़े भाई आवाज सुनकर आए तो उसके आंखों के सामने ही आरोपियों ने उन्हें मौत के घाट उतार दिया. और आरोपी भाग खड़े हुए.

गुप्ता परिवार दोहरे हत्याकांड में गंभीर रूप से घायल छोटे बेटे नितेश गुप्ता का अस्पताल में इलाज चल रहा है. घायल युवक ने पुलिस को बताया है कि देर रात चार लोग घर में घुसे हुए थे और उनके मकान से लगे त्रिशला ज्वेलर्स में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे. इसी दौरान घायल युवक की नींद खुली और उसके जोर से चिल्लाने पर चारों ने मिलकर उसे बांध दिया और पीटा. इस बीच घायल की अवाज से मां और बड़ा भाई नीलेश भी जाग गए और उसके कमरे में पहुंच गए. इस दौरान कमरे में खड़े हमलावरों ने दोनों को हथौड़े से हमला दर दिया. जिससे उसकी मौत और बड़े भाई की मौत हो गई. फिलहाल,



पुलिस इस पूरे मामले में जांच कर रही है और जांच के बाद असलियत सामने आने की बात कह रही है. जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र के अनुपमा चौक निवासी गायत्री गुप्ता (50 वर्ष) अपने दो बेटों नीलेश गुप्ता (32 वर्ष) और नितेश गुप्ता (29 वर्ष) के साथ रहती थीं. वह घर के सामने छोटी सी दुकान चलाती थीं. तीनों बीती रात शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे. करीब 11 बजे घर वापस लौटने के बाद रात को जब तीनों सोए हुए थे, तब अज्ञात हमलावरों ने पीछे दरवाजे से घर में घुसकर तीनों पर एक के बाद एक हमला कर दिया. इसमें मां और बड़े बेटे की तो मौके पर ही मौत हो गई, आरोपियों ने दूसरे बेटे नितेश को बंधक बनाकर उस पर ब्लेड नुमा हथियार से हमला कर दिया और उसे बाथरूम के पास मृत अवस्था में छोड़ दिया. इस खूनीखेल खेल के बाद आरोपी फरार हो गए.

हर रोज की तरह आज सुबह जब आसपास के लोगों ने गायत्री गुप्ता को नहीं देखा तो घर का दरवाजा खटखटाया लेकिन इसके बाद भी कोई जवाब नहीं मिला. जिसके बाद लोगों को शक हुआ और उन्होंने डायल 112 को इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और इसी बीच देखा की दरवाजा बंद था तो दूसरे के बिल्डिंग से घर के पीछे से टीम दाखिल हुई. जिसके बाद आगे का दरवाजा खोला गया तो देखा कि घर में मां-बेटे की लाश पड़ी हुई थी. वहीं छोटा बेटा बाथरूम के पास घायल अवस्था में पड़ा हुआ था. जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. सांसद महेश कश्यप ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हालचाल जाना। बस्तर में एक दिन पहले ही पुलिस ने हत्या के 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. जिन्होंने मामूली विवाद के बाद हत्या कर दी और अपने आप को बचाने के लिए शव को मृतक के घर में ही फांसी पर टांग दिया था. वहीं एक अन्य मामले में कुछ दिन पहले जगदलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर 2 भाइयों की हत्या कर दी गई थी. इस तरह की लगातार हो रही हत्याओं से बस्तर में अशांति और भय का माहौल दिखाई दे रहा है।

### यह सुशासन है, या जंगल राज: बैज

जगदलपुर में दोहरे हत्याकांड के हवाले से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री से पूछना चाह रहे हैं क्या यह सुशासन है, या जंगल राज है. कहीं अपराधियों को संरक्षण देने का काम सरकार तो नहीं कर रही है. आने वाले समय में कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा घेराव की तैयारी कर ली है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में जगदलपुर की घटना पर सरकार को घेरते हुए कहा कि जब से बीजेपी की सरकार बनी है, तब से छत्तीसगढ़ में ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही है. सरकार का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है.

## सुप्रीम कोर्ट ने बताया-कैसे घरेलू महिलाओं को मिलेगा बराबरी का दर्जा

■ नई दिल्ली 11 जुलाई

भारतीय समाज में घरेलू महिलाओं की स्थिति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि अब समय आ गया है, जब भारतीय मर्दों को होममेकर्स की भूमिका को समझना चाहिए। अदालत ने कहा कि एक गृहिणी अपने परिवार के लिए बहुत त्याग करती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस अगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने मुस्लिम महिला की ओर से गुजारे भत्ते की मांग पर यह बात कही। अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि सीआरपीसी के सेक्शन 125 के तहत कोई भी मुस्लिम महिला पति से अलग होते हुए एलमिनी यानी गुजारे की मांग कर सकती है।

अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में धर्म मायने नहीं रखता। कोई भी विवाहित महिला अलगाव की स्थिति में पति से गुजारा भत्ता मांगने की हकदार है। परिवार में गृहिणियों की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि पति अपनी पत्नियों को आर्थिक सहयोग दें। अदालत ने इसका तरीका भी बताते हुए कहा कि आपको जॉइंट अकाउंट्स खुलवाने चाहिए। इसके अलावा पत्नी को एटीएम कार्ड देकर उसे अकाउंट का एक्सेस देना चाहिए। इससे उसके जीवन में एक आर्थिक स्थिरता होगी और वह घर में सम्मानित महसूस करेगी।



शीर्ष अदालत ने कहा कि एक मुस्लिम महिला भी अपने पति से तलाक के बाद गुजारे की हकदार है। कोर्ट ने कहा कि गुजारा देना कोई चैरिटी नहीं है बल्कि महिला का अधिकार है। महिलाओं का यह अधिकार धार्मिक सीमाओं से परे है। लैंगिक समानता और विवाहित महिलाओं के अधिकारों के लिए यह जरूरी है। बेंच ने कहा कि सेक्शन 125 कहता है कि पर्याप्त संसाधन रखने वाला कोई व्यक्ति अपनी पत्नी, बच्चों और पैरेंट्स के लिए गुजारा दे। दरअसल मोहम्मद अब्दुल समद नाम के शख्स ने अदालत का रुख किया था। उसने फैमिली कोर्ट के उस फैसले को चैलेंज किया था, जिसमें प्रति माह 20 हजार रुपये का गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया गया था। अब्दुल समद ने इस फैसले को पहले तेलंगाना हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसे उसने घटाकर 10 हजार रुपये कर दिया गया था। इसके बाद समद ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

## संक्षेप

### बिलासपुर में डायरिया का प्रकोप, युवती की मौत

**बिलासपुर 11 जुलाई।** जिला मुख्यालय के समीप के क्षेत्रों में डायरिया का प्रकोप नजर आ रहा है. बड़ी संख्या में लोग उल्टी-दस्त की शिकायत को लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं. इस बीच उपचार के दौरान डायरिया पीड़ित 19 वर्षीय युवती की मौत की खबर है. इसे भी पढ़ें - नशीली दवा खिलाकर नाबालिग से गैंगरेप

बिल्हा क्षेत्र के ग्राम नेवसा और मदनपुर में डायरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है, जहां नेवसा में रहने वाली डायरिया पीड़ित 19 वर्षीय नेहा धीवर का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उसकी मौत हो गई. बिल्हा के अलावा जिले के कोटा, रतनपुर और मस्तूरी क्षेत्र के कई इलाकों में डायरिया फैला हुआ है. स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है. इसके साथ ही प्रभावित इलाकों में कैंप लगाकर जांच की जा रही है.

### कार ने बाइक सवार परिवार को रौंदा, महिला और 4 माह के बच्चे की मौत

**धरसींवा 11 जुलाई।** रायपुर के धरसींवा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सावर परिवार को रौंद दिया है. हादसे में बाइक सवार महिला और 4 माह के बच्चे की मौत हो गई. वहीं बाइक चालक घायल हो गया है. घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद आरोपी कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई है।

### पांच साल के अत्याचार और अनाचार को नहीं भूली है जनता: साव

**रायपुर 11 जुलाई।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की मैराथन बैठक के बाद आए पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 5 साल के अत्याचार और अनाचार को जनता भूली नहीं है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि कांग्रेस विधानसभा में ओवर कॉन्फिडेंस में थी, और लोकसभा चुनाव में भी. लेकिन नेतृत्व और नीयत के अलावा जनता में कांग्रेस पार्टी की विश्वसनीयता नहीं रही है. वहीं कांग्रेस प्रदर्शनों पर अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस को अपने पिछले 5 साल के कार्यकाल को याद रखना चाहिए. आज विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की इच्छा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रही है. केंद्रीय वित्त आयोग के दौरे पर डीसीएम अरुण साव ने कहा कि केंद्रीय वित्त आयोग जनप्रतिनिधियों से, विभिन्न विभागों से विचार विमर्श करेंगे।

## रूस-यूक्रेन युद्ध को भारत ही रुकवा सकता है: अमेरिका

■ वाशिंगटन 11 जुलाई

राष्ट्रपति पुतिन से मिलने पीएम मोदी रूस गए तो अमेरिका ने चिंता जाहिर की थी. उसने कहा था कि अमेरिका पीएम मोदी के बयानों पर नजर रखेगा, लेकिन अब अमेरिका भारत की ताकत को पहचान चुका है. उसने माना है कि यूक्रेन और रूस के युद्ध को केवल भारत ही रुकवा सकता है. अमेरिका ने माना कि भारत-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में अहम भूमिका निभा सकता है. अमेरिका ने बयान जारी कर कहा, रूस के साथ भारत के पास वो क्षमता है, जिसके चलते वह व्लादिमीर पुतिन को युद्ध खत्म करने के लिए मना सकता है. अमेरिका ने यह बयान मोदी की 2 दिवसीय रूस यात्रा के ठीक बाद दिया है.

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरीन जीन पियरे ने कहा, हमारा मानना है कि रूस के साथ भारत के संबंध राष्ट्रपति पुतिन से यूक्रेन में युद्ध को खत्म करने का आग्रह करने की क्षमता देते हैं, लेकिन इसे खत्म करना राष्ट्रपति पुतिन का काम है. पुतिन ने ही युद्ध शुरू किया था और वे ही इसे समाप्त कर सकते हैं.

जब मोदी ने पुतिन को गले लगाया तो जेलेंस्की ने आलोचना की. उन्होंने इसे शांति प्रयासों के लिए बड़ा झटका बताया था. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पुतिन को खूनी तक बता दिया था. उन्होंने कहा कि जब पीएम मोदी पुतिन से मुलाकात कर रहे थे, तभी रूसी मिसाइलें यूक्रेन पर हमला कर रही थीं. रूस कीव में बच्चों के अस्पताल को निशाना बना रहा था. मोदी ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से उनके आवास पर मुलाकात की थी. सोमवार सुबह ही रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन के शहरों पर हमला किया. राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने यूक्रेन में 29 महीने से चल युद्ध और उसमें मारे गए लोगों को लेकर चिंता व्यक्त की थी. उन्होंने मासूम बच्चों की मौत का जिक्र किया था. पीएम ने कहा कि मासूम बच्चों की हत्या पर उनका दिल फट जाता है. जिस दिन पीएम मोदी रूस में पुतिन से मिले थे, उसी दिन यूक्रेन पर हमला किया गया था. इसमें कम से कम 37 लोग मारे गए और 170 अन्य घायल हुए थे।

## एनईईटी-यूजी मामले पर अब सुप्रीम कोर्ट में 18 जुलाई को सुनवाई

■ नई दिल्ली 11 जुलाई

सुप्रीम कोर्ट ने एनईईटी-यूजी 2024 परीक्षा से संबंधित मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह गुरुवार, 18 जुलाई को एनईईटी-यूजी मामले की सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मामले में कुछ पक्षों को केंद्र और एनटीए द्वारा दायर हलफनामे नहीं मिले हैं और उन्हें बहस से पहले अपनी प्रतिक्रिया तैयार करने की जरूरत है। पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपनी जांच रिपोर्ट दाखिल की। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 9़45 बजे सीबीआई की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई। पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट में अपने हलफनामे में मेडिकल प्रवेश परीक्षा में किसी भी बड़े पैमाने पर कदाचार से इनकार किया है। केंद्र ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा किए गए डेटा विश्लेषण से पता चलता है कि न तो बड़े पैमाने पर कदाचार का कोई संकेत है और न ही उम्मीदवारों के एक स्थानीय समूह को लाभान्वित किया जा रहा है, जिससे असामान्य स्कोर प्राप्त हुआ है। केंद्र ने कहा कि जुलाई के तीसरे सप्ताह से चार राउंड में काउंसलिंग आयोजित की जाएगी. एनटीए ने अपने हलफनामे में सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यदि किसी भी उम्मीदवार के लिए यह पाया जाता है कि वह किसी कदाचार का लाभार्थी है, तो ऐसे व्यक्ति की उम्मीदवारी काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान किसी भी चरण में या उसके बाद भी रद्द कर दी जाएगी।

पेपर की तस्वीरें दिखाने वाले टेलीग्राम वीडियो फर्जी और हेरफेर किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि एनटीए ने राष्ट्रीय, राज्य और शहर स्तर और केंद्र स्तर पर एनईईटी-यूजी 2024 में उम्मीदवारों के अंकों के वितरण का विश्लेषण किया है। यह विश्लेषण इंगित करता है कि अंकों का वितरण बिल्कुल सामान्य है और ऐसा कोई बाहरी कारक नहीं दिखता है, जो अंकों के वितरण को प्रभावित करेगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ह्वश्वश्वञ्ज त्र 2024 पेपर लीक मामले में देश भर से दायर और शीर्ष अदालत में स्थानांतरित की गई 43 याचिकाओं पर सुनवाई से ठीक एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट में अपना हलफनामा दायर किया।



**रायपुर 11 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज यहां महानदी भवन मंत्रालय में 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में वित्त आयोग के दल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ आगमन पर चेयरमैन और सदस्यों का स्वागत किया। सीएम ने दल के छत्तीसगढ़ आने पर खुशी जताई। सीएम साय से सदस्यों का परिचय हुआ। छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बता दे कि वित्त आयोग का दल नवा रायपुर और जगदलपुर का भ्रमण करेगा। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी मौजूद थे।

## केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने रायपुर नगर निगम के को-वर्किंग सेंटर की सराहना की

**रायपुर 11 जुलाई।** विगत दिवस केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुश्री रूपा मिश्रा ने नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा रायपुर जिला प्रशासन के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मार्गदर्शन में राजधानी शहर रायपुर के हृदय स्थल जयस्तम्भ के समीप मल्टी लेवल पार्किंग की तीसरी मंजिल पर युवाओं के कल्याणार्थ स्टार्टअप्स हेतु उन्हें समुचित प्रोत्साहन एवं संरक्षण देने और महिला सशक्तिकरण हेतु प्रारम्भ किये गए कोवर्किंग सेंटर का निरीक्षण किया. केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुश्री रूपा मिश्रा को रायपुर नगर पालिक निगम के कोवर्किंग सेंटर की विविध समाज हितैषी गतिविधियों की नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने केन्द्रीय संयुक्त सचिव को जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम रायपुर के कोवर्किंग सेंटर में कुछ काम पूरा होने के बाद आगामी योजना की जानकारी दी जाएगी। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने केन्द्रीय संयुक्त सचिव को बताया कि रायपुर जिला प्रशासन के साथ मिलकर नगर निगम रायपुर कोवर्किंग सेंटर से अच्छे स्टार्टअप्स को इनक्यूबेटर/सिस्टम इंटीग्रेटर के रूप में जोड़ने का सतत प्रयास कर रहा है। केन्द्रीय संयुक्त सचिव सुश्री रूपा मिश्रा के निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से रकेन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सहायक परामर्शदाता अंकित जैन, छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय, नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ श्री उज्ववल पोरवाल उपस्थित थे.

### 2024-25 के बजट में खिलाड़ियों के जीवनयापन, इलाज की व्यवस्था जरूरी है

jasclaudius@gmail.com

## पेंशन और बीमा की राशि का भुगतान करे शासन

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

स्वतंत्र भारत के खेल इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 26 मई 2014 से लेकर अब तक लगभग 10 वर्षों से अधिक के कार्यकाल में खिलाड़ियों के हित में जितने कदम उठाये गये हैं इसके पहले कभी नहीं उठाये गये। इस दिशा में सबसे बड़ा निर्णय खेलो इंडिया कार्यक्रम की केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया जाना है जिसके अंतर्गत जमीनी स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान से लेकर उसे अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए तैयार करने तक की सारी जिम्मेदारी निभाना है। खेल संघों की आपसी खींचतान, खिलाड़ियों के चयन में पक्षपात तथा स्पर्धा के लिए तैयारी को लेकर अनेक प्रश्न उठते रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछली सदी में भारतीय खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन की समस्या अपनी जगह रही। खेल गतिविधियों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने का उत्तरदायित्व भारतीय ओलंपिक संघ, नई दिल्ली का है परंतु यह भी राजनीति का अड्डा बन गया था। प्रधानमंत्री ने इस तरह की समस्या से निजात पाने के लिए सबसे पहले केंद्र सरकार में खेल मंत्रालय की जिम्मेदारी 2004 के ओलंपिक खेलों में निशानेबाजी के रजत पदक विजेता राज्यवर्द्धन सिंह राठौर को सौंपी। फिर 10 दिसम्बर 2022 को भारतीय ओलंपिक संघ को राजनीति से पूरी तरह छुटकारा दिलाते हुए भारत की महान महिला धावक पीटी उषा को अध्यक्ष नियुक्त करने में मार्गदर्शन दिया। भारत में खेलकूद का माहौल बनाने के लिए राष्ट्रीय खेलों, विभिन्न वर्गों के लिए खेलो इंडिया की स्पर्धा आरंभ की। साथ ही इन प्रतियोगिताओं के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी डी.डी. स्पोर्ट्स तथा स्पोर्ट्स स्टार टेलीविजन चैनल को दिया।



अन्य इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से जैसे यू-ट्यूब से खेल मुकाबलों का सीधा प्रसारण की व्यवस्था की गई। खेलकूद में अगर अत्याधुनिक सुविधाएं दी जाएंगी तो बजट की भी जरूरत होती है अतः सिर्फ खेल मंत्रालय का जो बजट 2013-14 में करीब 600 करोड़ था उसे 2300 करोड़ तक प्रधानमंत्री के कार्यकाल में 2023-24 तक के लिए बढ़ाया गया। इधर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक खेल के प्रशिक्षण स्थल पर ट्रेनिंग प्राप्त कोच, खेल चिकित्सक, डायटिशियन, फिजियोथेरेपिस्ट, साइकोलाजिस्ट, प्रतिबंधित दवा के विरुद्ध जागरूकता, पैदा करने वाले, अन्य सहयोगी सदस्यों, अत्याधुनिक खेल सामग्री का इंतजाम किया। मुकाबले के लिए जरूरत अनुसार विदेशों में प्रशिक्षण की सुविधा दी जाने लगी। इस तरह खेलकूद सुविधा में हमारे देश में आमूलचूल परिवर्तन दिखने लगा। यह सभी को पता है कि खिलाड़ी का खेल जीवन बहुत लंबा नहीं होता। आमतौर पर 16 वर्ष से 30 वर्ष अर्थात् 15 वर्ष की अवधि में एक एथलीट अपना सबकुछ देकर बाहर हो जाता है या खेल से संन्यास ले लेता है। कुछ ऐसे खेल हैं जिनमें न तो पैसा कमाया जा सकता है ना ही कैरियर बनाया जा सकता है। इस परिस्थिति को भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने करीब से देखा है। अपने स्वास्थ्य के लिए जब उन्होंने भारत के महान तीरंदाज ओलंपियन लिंबा राम को संघर्ष करते देखा तो पीटी उषा ने अब पहले ओलंपियन खिलाड़ियों के इलाज के लिए कुछ नई योजना संभवतः पेंशन की सुविधा दिये जाने की विचार रखती है। लेकिन इस तरह की सुविधा से जो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर या ऐसे खेल के खिलाड़ी जो ओलंपिक खेलों में शामिल नहीं हैं लेकिन वे विश्व स्पर्धाओं में भाग ले चुके हैं उनके लिए पेंशन योजना नहीं होने से वे अपने आप में हीनभावना से ग्रस्त हो सकते हैं। अतः पीटी उषा का कुछ खास खिलाड़ियों को पेंशन देने के विचार से बेहतर है कम से कम राष्ट्रीय स्तर तक पदक विजेता खिलाड़ियों से सभी खेलों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के एथलीट को पेंशन के साथ स्वास्थ्य संबंधी बीमा पालिसी देने पर विचार करना चाहिए। इससे भेदभाव नहीं होगा और खिलाड़ियों को बीमारी की स्थिति में जेब से पैसा नहीं लगेगा। पेंशन और बीमा की राशि का भुगतान केंद्र या राज्य सरकारों या सार्वजनिक उपक्रमों या निजी संस्थानों द्वारा सीधे खिलाड़ियों को किए जाने का प्रावधान होगा तो खेल के प्रति अभिभावकों व खिलाड़ियों रुचि बढ़ेगी।

## राष्ट्रपति मुर्मू का बैडमिंटन कोर्ट में हुआ साइना नेहवाल से मुकाबला

**नई दिल्ली 11 जुलाई।** राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने बुधवार को ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल के साथ राष्ट्रपति भवन के बैडमिंटन कोर्ट में दोनों ने बैडमिंटन खेला. ताज्जुब की बात तो यह है कि मुर्मू ने अपने शानदार खेल से साइना नेहवाल जैसी दिग्गज खिलाड़ी को भी चौंका दिया. वीडियो में साइना नेहवाल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने जीत के लिए संघर्ष करती हुई दिख रही हैं.




एक पेशेवर बैंडमिंटन खिलाड़ी की तरह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अंदाज देशवासियों को बेहद पसंद आया है. खेल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है. राष्ट्रपति के ङ्ग हैडल से एक लंबी पोस्ट के साथ कुछ तस्वीरें भी शेयर की गई है. राष्ट्रपति के ङ्ग हैडल के कैप्शन में लिखा गया, 'द्रौपदी मुर्मू का खेलों के प्रति स्वाभाविक प्रेम तब देखा गया जब उन्होंने राष्ट्रपति भवन के बैडमिंटन कोर्ट में स्टार खिलाड़ी साइना नेहवाल के साथ बैडमिंटन खेला. राष्ट्रपति का प्रेरक कदम भारत के बैडमिंटन को एक ताकत के रूप में उभरने को ध्यान में रखते हुए है, जिसमें महिला खिलाड़ी विश्व मंच पर बड़ा प्रभाव डाल रही हैं.' पोस्ट में आगे लिखा गया, 'पद्म पुरस्कार विजेताओं की विशेषता वाली 'हर स्टोरी ङ्क माई स्टोरी' व्याख्यान सीरीज के एक भाग के रूप में, पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित एक प्रतिष्ठित भारतीय खिलाड़ी साइना नेहवाल राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाषण देंगी और दर्शकों के साथ बातचीत करेंगी.' साइना नेहवाल ने भी राष्ट्रपति के साथ खेलने के लिए मिले मौके पर खुशी जाहिर की. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट ङ्ग में कहा, भारत के राष्ट्रपति के साथ खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है. यह मेरे जीवन का कितना यादगार दिन है. मेरे साथ बैडमिंटन खेलने के लिए राष्ट्रपति जी का बहुत-बहुत धन्यवाद. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम में ऐतिहासिक फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 133वें संस्करण के लिए ट्रॉफियों का अनावरण किया. राष्ट्रपति ने कहा,'डूरंड कप भारत का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार शहीद पुलिस सेल का गठन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 11 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार बनने के साथ ही प्रदेश में विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ी हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन की सरकार में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने राज्य के पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता से निर्णय लेते हुए शहीद पुलिस सेल के गठन के निर्देश जारी किए हैं। इस पहल का उद्देश्य शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजनों को आवश्यक सहायता और समर्थन प्रदान करना है। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व शहीद पुलिस कर्मियों के परिजन अपनी समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री श्री विजय शर्मा से मिले थे और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया था तब उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने उन्हें आश्वासन दिया था कि शीघ्र मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से चर्चा कर उनके समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जाएंगे।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि प्रत्येक रेंज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में शहीद पुलिस सेल का गठन किया जा रहा है। इस सेल का मुख्य उद्देश्य शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजनों की समस्याओं का निराकरण करना है। सेल में रेंज पुलिस महानिरीक्षक अध्यक्ष होंगे वही रेंज मुख्यालय के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रेंज पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नामांकित उप



पुलिस अधीक्षक व निरीक्षक स्तर के अधिकारी सदस्य होंगे। शहीद पुलिस सेल शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजनों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय बुधवार को इकाई स्तर, रेंज स्तर, तथा पुलिस मुख्यालय स्तर पर बैठक आयोजित करेंगे। इस बैठक में परिवारजनों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा और निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। बैठक के दौरान, परिवारजनों को अपनी समस्याएं रखने का अवसर भी मिलेगा। बैठक के अतिरिक्त, प्रत्येक बुधवार को शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजनों के लिए अलग से समय निर्धारित किया गया है, ताकि वे अपने मुद्दों को पेश कर सकें। इसके लिए आवश्यकता अनुसार व्यवस्था के निर्देश दिए गए है। जिससे शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजन उपस्थित हो सकें। यदि किसी कारणवश इकाई बैठक के माध्यम से समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता है, तो रेंज स्तरीय शहीद पुलिस सेल के माध्यम से निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। यदि रेंज स्तरीय शहीद पुलिस सेल के स्तर पर निराकरण न हो सके तो पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित शहीद पुलिस द्वारा निराकरण कराया जायेगा।उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजनों की समस्याओं का समुचित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्देश जारी किए गए हैं। यह पहल पुलिसकर्मियों के परिवारजनों को मानसिक और भावनात्मक समर्थन प्रदान करने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा की यह पहल शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सार्थक प्रयास है। यह सुनिश्चित करता है कि जिन पुलिसकर्मियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है, उनके परिवारजनों की देखभाल और सहायता सुनिश्चित की जाए।

## एक नजर

### तालाब में मिली युवती की लाश

**भिलाई, 11 जुलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र शादी के तीन दिन पहले एक युवती ने तालाब में कूदकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।



परिवार में एक साथ दो बहन और एक भाई का शादी होना था नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि मेडेसरा निवासी राजेश जोशी की बेटी तेजश्वनी जोशी ( 19 साल ) उसकी बड़ी बहन, भाई गजपाल जोशी तीनों की एक साथ शादी होना तय हुआ था अचानक तेजश्वनी ने मंगलवार रात तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली युवती की लाश सुबह तालाब में मिली गांव के युवक ने बुधवार की सुबह युवती के लाश को तालाब में तैरते देखा तब घटना की जानकारी ग्रामीणों को हो पाई खबर लगने पर गांव लोग पहुचे और शव को बाहर निकालने पर शिनाख्त तेजस्वनी जोशी के रूप में हुई इसके बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। परिजनों के मुताबिक 9 जुलाई को तेजश्वनी के भाई की हल्दी रस्म थी। खाना खाने के बाद अचानक वो युवती घर से बाहर चली गई उसकी लाश तालाब में मिली है बेटा की बारात जानी थी बताया जा रहा है कि राजेश जोशी के बेटे की बुधवार को बारात निकलना था तेजश्वनी और उसकी बड़ी बहन की बारात 12 जुलाई को आनी थी तेजश्वनी की शादी नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम बीरेभाठ गांव में तय हुई थी वहीं उसकी बहन की शादी बानबरस में लगी है बेटी की मौत के बाद घर में मातम पसरा हुआ है।

### पेटी तोड़कर लाखों चोरी

**भिलाई, 11 जुलाई।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र घर से पेटी का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात की चोरी करने वाले आरोपी के खिलाफ प्रार्थी ने शिकायत दर्ज कराई है उतई थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 305, 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के मुताबिक उमरपोटी निवासी प्रार्थी अलखू राम साहू बीएसपी प्लांट में काम करता है उसके घर में उसकी पत्नी एवं उसका बेटा- बहू रहते हैं 8 जुलाई की रात को खाना खाने के बाद उसका बेटा एवं बहू ऊपर के कमरे में सोने चले गए थे नीचे ग्राउंड फ्लोर में प्रार्थी एवं उसकी पत्नी अलग-अलग कमरे में सोये हुए थे सुबह जब पत्नी की नींद खुली तो उसने देखा कि घर में चोरी हो गई ।

### महतारी वंदन योजना का नहीं मिला रहा लाभ

**भिलाई, 11 जुलाई।** समाजसेवी शिवसेना उद्धव के राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भाजपा की महतारी वंदन योजना प्रदेश सरकार की महती योजना है जिसका भरपूर लाभ भाजपा को मिला है लेकिन दूसरा पहलू यह है कि महतारी वंदन योजना के तहत बहुत सी महिलाओं द्वारा फॉर्म भरा गया उन्हें आज तक महतारी वंदन योजना के तहत उनको लाभ नहीं मिला महतारी वंदन योजना की छठवीं किस्त जारी हो गई पर इन महिलाओं की उपेक्षा हो रही है जिससे महिलाओं में भारी आक्रोश है इन महिलाओं ने प्रदेश सरकार बनने के बाद सर्वे सूची एवं पैसा नहीं आने पर सब्र किया उसके बाद लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई इसमें पूरा 6 माह से आक्रोषित महिला सब्र कर रही लेकिन 6 माह बाद भी उनका पुनः आवेदन प्रक्रिया भी नहीं की महिलाएं बैंक के चक्कर लगा रही है सरकार के खिलाफ आक्रोशित हो रही है राज्य सरकार इन वंचित महिलाओं को शीघ्र महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाए अन्यथा आक्रोषित महिलाएं सरकार के खिलाफ आंदोलन को बाध्य हो सकती है।

### आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना के तहत मिले ऋण से दशोदा ध्रुव ने खोली किराना दुकान

**महासमुंद 11 जुलाई ।** महासमुंद जिले के नयापारा में निवास करने वाली 47 वर्षीय श्रीमती दशोदा ध्रुव ने अपने पति श्री शारदा प्रसाद ध्रुव के साथ एक आदर्श उद्यमिता की मिसाल पेश की है। उन्हें आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना के तहत 1,00,000 रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस ऋण से उन्होंने एक किराना की दुकान शुरू की, जिसे वो सफलतापूर्वक संचालित कर रही है। इस व्यवसाय के जरिए वे अपने परिवार का भरण-पोषण ही नहीं कर रही हैं, बल्कि ऋण की मासिक किश्त जिसे वे नियमित रूप से चुका रही हैं।

श्रीमती दशोदा ध्रुव ने बताया कि दुकान खोलने से उनकी मासिक आय में वृद्धि हुई है। पहले उनकी मासिक आय 5000 रुपये थी, जो अब बढ़कर 8000 से 10000 रुपये तक हो गई है। इस बढ़ी हुई आय ने न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर किया है।

श्रीमती दशोदा ध्रुव की यह सफलता न केवल उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि यह भी दिखाती है कि सही समर्थन और संसाधनों के साथ, महिलाएं किसी भी चुनौती का सामना कर सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना ने उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### कलेक्टर ने कौशल विकास प्राधिकरण, वार्षिक कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

**मोहला 11 जुलाई ।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत वार्षिक कार्य योजना के संबंध में प्रशिक्षण प्रदायकर्ता संस्थाओं के अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्टर ने बैठक में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के साथ ही अन्य प्रशिक्षण प्रदायकर्ता विभागीय अधिकारियों को वार्षिक कार्य योजना निर्धारित कर युवाओं को बहुयामी ट्रेडों में प्रशिक्षण देने कहा है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि रोजगार की सुनिश्चितता और अवसर उपलब्ध कराने वाले ट्रेडों में प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित करें। कलेक्टर ने वार्षिक कार्य योजना निर्धारित कर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत निर्धारित अजेंडा पर समीक्षा किया गया। कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत समस्त शासकीय प्रशिक्षण संस्थानों, निर्धारित कॉलेज, कृषि, उद्यानिकी, क्रेड़ा विभाग को भी वीटीपी के रूप में पंजीकृत होकर युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार एवं रोजगार से जोडने कहा गया है।

## प्रधानपाठक श्यामूलाल उसारे को सेवानिवृत्त होने पर दी गई बिदाई

**राजनांदगांव, 11 जुलाई।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी जिले के अंतर्गत मानपुर विकासखण्ड के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला भर्रीटोला के प्रधानपाठक श्री श्यामूलाल उसारे अर्धवार्षिकी आयु पूरा करने के उपरांत विगत 30 जून को सेवा निवृत्त होने पर शाला परिवार एवं ग्राम वासियों के द्वारा भावभिनी बिदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, गणमान्यजनों एवं शाला परिवार के द्वारा उनके सहज, सरल व्यक्तित्व एवं मधुर व्यवहार तथा उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख करते हुए श्री उसारे की सराहना की गई। वक्ताओं एवं अतिथियों ने उनके कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री उसारे अपने कार्यों के प्रति बहुत ही समर्पित, समय के प्रति पाबंद एवं अनुशासित शिक्षक रहे हैं। उन्होंने अपने पूरे शिक्षकीय जीवन के दौरान पूरी प्रतिबद्धता, निष्ठा एवं लगन से विद्यार्थियों की सेवा कर वनांचल क्षेत्र में शिक्षा की अलक जगाने में महती भूमिका निभाई है। इसके अलावा अपने सहज, सरल, निश्छल एवं मिलनसार तथा मृदुभाषी व्यक्तित्व के कारण पहली मुलाकात में सभी से अपनत्व एवं पारिवारीक संबंध बना लेते हैं।

## कलेक्टर के माध्यम से मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 11 जुलाई।** छत्तीसगढ़ कैशलेश चिकित्सा सेवा संघ कबीरधाम से ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री वित्त मंत्री के नाम कलेक्टर कवर्धा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया जिसमे छत्तीसगढ़ नेत्र सहायक अधिकारी एसोसिशन के प्रांताध्यक्ष मनीष जॉय. मोहम्मद अयाज कुरैशी.अविनाश कौशिक. अरुणदास मानिकपुरी. एवं सौरव झा उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ कैशलेश चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ की मुख्य मांग शासकीय कर्मचारियो सहित अधिकारियों को बीमारी की अवस्था मे निजी चिकित्सालय में ईलाज कराने के लिए कर्मचारियों को कैश पैसा देकर ईलाज कराना पड़ता है।बीमारी एक ऐसा नाम है जिसमे कर्मचारी बीमार हो गया तो निजी अस्पतालों में उसका पुरा जमा पूंजी एक साथ खर्चा हो जाता है। वहीं तत्काल अतिरिक्त व्यवस्था उधारी करना पड़ जाता है। गिरवी रखना पड़ता है। एक प्रकार से कर्मचारी पूरी तरह से टूट जाता है बिखर जाता है। बाद में कर्मचारी को क्लेम करने पे पैसा मिलता तो है. पर पुरा नही मिलता बहुत से चार्ज को काट दिया जाता है पास कराने के लिए कुछ खर्चे भी करने पड़ते है। ऐसे में एक सहारा यह हो सकता हैं की शासकीय कर्मचारियों को निजी मान्यता प्राप्त अस्पतालों मे भर्ती कर के कैशलेश ईलाज प्रारंभ करना चाहिए जिसकी मांग प्रांताध्यक्ष राकेश सिंह की अगुवाई में किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों की एक बहुत बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है। इससे सरकार पर किसी प्रकार का अतिरिक्त भार नहीं होगा। शासन से उम्मीद है बहुत जल्द इसकी घोषणा माननीय स्वास्थ्य मंत्री करेंगे।

## वन महोत्सव कार्यक्रम में सांसद एवं विधायक ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत किया पौधरोपण

**महासमुंद 11 जुलाई ।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया था। देश के नागरिकों से इस वर्ष वर्षा ऋतु में अपनी मां के सम्मान के लिए सम्मान स्वरूप एक पौधा लगाने का आह्वान किया है। जिसके तहत सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक महासमुंद श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान में ग्राम खैरा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वन महोत्सव में विभिन्न फलदार पौधा रोपण किया गया और आम जनों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि आज हम प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के आह्वान पर यहां एक जगह एकत्र हुए हैं। हमारे प्रधानमंत्री ने बहुत ही भावनात्मक अपील की है। पेड़ से हमें ऑक्सीजन मिलता है। पेड़ जरूर लगाना चाहिए लेकिन सुरक्षा भी करना चाहिए। पेड़ लगाकर भूले नहीं, पेड़ को पानी दे और उसका रखरखाव करें। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे और ग्रामीण अपने घर या खेतों में अवश्य पेड़ लगाएं और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। पेड़ लगाने के नाम से महासमुंद जिला का अलग से पहचान बनाएं। इस अवसर पर उन्हांने अपनी माता श्रीमती हीरावती पटेल के नाम पर बरगद वृक्ष का रोपण किया।वन महोत्सव कार्यक्रम में विधायक महासमुंद श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मां शब्द से सुनकर एक अलग भावना मन में जागृत हो जाता है। हमारी यशस्वी प्रधानमंत्री के अपील पर अवश्य पेड़ लगाएं। यह पेड़ जब तक रहेगा तब तक मां का नाम रहेगा। आने वाले समय में यही पेड़ पर्यावरण के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने के साथ जाली लगाकर पेड़ की सुरक्षा करें। उन्होंने अपनी मां श्रीमती चुमकेश्वरी सिन्हा के नाम पर बेल पेड़ का पौध रोपण किया। उन्होंने कहा कि यहां स्कूल की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल भी बनाया जाएगा।वनमंडलाधिकारी श्री पंकज राजपूत ने बताया कि पेड़ की असली महत्ता को कोरोना काल ने सिखाया है। आज हर व्यक्ति को अच्छी सेहत के लिए 20 पेड़ की आवश्यकता है।

## सब्जी और राहर दाल महंगी,गृहिणी और आम आदमी परेशान







**कवर्धा, 11 जुलाई।** बाजार में मुंगा 120 रुपया , आलू चालीस रुपया , , टमाटर साठ रुपया और करेला साठ रुपया रेट सुनकर आम आदमी के पसीने छूटने लगते है और राहर दाल भी आम आदमी के बजट से दूर जाता हुआ प्रतीत हो रहा है । पोड़ी में बाजार में दर्द भरे लहजे में बाजार में व्यक्ति ने कहा की 200 रुपए में भी आधा झोला सब्जी ही आती है क्या बताए मुंगा 120 रुपया किलो आलू चालीस रुपया , टमाटर पचास रुपया कैसे जीवन चलेगा । नाम पूछने पर उन्होंने कहा की नाम मत पूछिए सरकार से यही अपेक्षा की महंगाई को रोकने के लिए सरकार को कदम उठाना चाहिए जिससे की आम आदमी अच्छे से सब्जी खरीद सके । राहर दाल का भी दाम बहुत ज्यादा है और सरकार को राहर दाल के दाम कम करने पर ध्यान देना चाहिए । घर में टमाटर की चटनी अधिकतर महिलाएं नही बना पा रही है और आलू चालीस रुपया होने के कारण बजट का भार बढ़ता जा रहा है । डाल का दाम भी 150 रुपया से ज्यादा है जिसको कम करने पर सरकार ध्यान देगी और लोगो की थाली से गाढ़ी दाल और टमाटर चटनी दिखेगी और सब्जी भी एक पाव खरीदकर अधिकतर लोग जा रहे है क्या करे सब्जी महंगी भी है लेकिन खरीदना जरूरी है ।

## छग राज ठेठवार यादव समाज ने किया थाना प्रभारी भिलाई नगर का सम्मान

**भिलाई, 11 जुलाई।** रुआबांधा क्षेत्र में बीती रात एक नशेड़ी युवक ने गाय के पेट में चाकू मार दिया जब गाय के मालिक को इसकी जानकारी हुई तो उसने भिलाई नगर थाने में मामले की शिकायत की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जप्त किया जिसमें आरोपी के द्वारा चाकू मारते हुए दिखाई दिया पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी रामशंकर को दुर्ग स्टेशन से हिरासत में लिया जो भागने की फिराक में था बाद में घटनास्थल में जाकर जुलूस निकाला मंगलवार की सुबह 10:30 बजे दुर्गेश यादव भिलाई नगर जाकर सूचना दी कि उसका पालतू गर्भवती मवेशी गाय को मोहल्ले में आरोपी राम शंकर द्वारा रात लगभग 1:00 बजे धारदार चाकू से पेट में मार दिया है चाकू पेट में फंसा हुआ है पुलिस से सूचना प्राप्त होने पर पशु चिकित्सक डॉक्टर आदर्श राय ने तत्काल इलाज कर गौ माता की सेवा कर प्राण बचाएं इस उत्कृष्ट कार्य के लिए यादव ठेठवार समाज द्वारा पशु चिकित्सक को मोमेंटो द्वारा एवं भिलाई नगर स्थित थाना



पहुंचकर थाना प्रभारी एवं टीम की प्रशंसा कर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया, साथ ही साल, श्रीफल,पुष्प वृक्ष, मोमेंटो, भेंट कर ससम्मान किया गया चर्चा के दौरान थाना प्रभारी श्री राजकुमार देशलहरे ने बताया कि आरोपी पर नए कानून के तहत धारा 325 भारत न्याय संहिता, धारा 25 और 27 आर्म्स एक्ट, धारा 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु अधिनियम के तहत गैर जमानती अपराध दर्ज किया गया है उन्होंने बताया कि हमारे टीम (स.उ.नि.) श्री राजेश मणि ( प्रधान आरक्षक) प्रेम सिंह (आरक्षक) हेमेंद्र कुर्रे ,अमित वर्मा, इसरार खान, अनिल सिंह द्वारा भिलाई नगर को अपराध मुक्त करने सतत प्रयत्नशील है जिसमें हमारे उच्च अधिकारी (सी.एस.पी.) श्री सत्य प्रकाश तिवारी जी एवं (एस.पी) श्री जितेंद्र शुक्ला जी का पूर्ण सहयोग रहता है। अंत में थाना प्रभारी जी ने कहा कि यहां लोग शिकायतें लेकर आते हैं पर आप सभी युवाओं ने हमें अपराधियों पर सख्ती एवं नियंत्रण के लिए सम्मानित किया, गौरवान्वित किया एवं हौसला बढ़ाया जिनके लिए हम सभी हृदय से आपके आभारी हैं साथ ही उन्होंने स्वयं की सुरक्षा अपने हाथ के तहत सभी को हेलमेट एवं सीट बेल्ट की अनिवार्यता का संदेश दिया।उक्त अवसर पर युवा प्रकोष्ठ (अध्यक्ष) सत्येंद्र यादव (महासचिव) बिरेंद्र कुमार यदु (कोषाध्यक्ष) राजू यादव (सचिव) शिव यादव (प्रचार मंत्री) जयेंद्र यादव एवं प्रभात कुमार उपस्थित थे

## शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को चिल्फी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कवर्धा, 11 जुलाई।** घटना का संक्षिप्त विवरण प्रकार है कि प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज़ करया की इसकी नाबालिक लड़की को दिनांक 09.05.23 कोई अज्ञात व्यक्ति भगाकर ले गया है.. प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना चिल्फी में धारा 363 आई.पी.सी. का अपराध दर्ज़ कर विवेचना में लिया गया । घटना की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डा.अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विकास कुमार(भा.पु से.), पुष्पेंद्र बघेल(रा.पु.से.), उप पुलिस अधीक्षक नक्सल सतीश धुर्वे द्वारा अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करने थाना प्रभारी चिल्फी को निर्देशित किये, जिस पर नाबालिक लड़की एवं अज्ञात आरोपी का थाना चिल्फी पुलिस द्वारा लगातार पता तलाश किया जा रहा था पता तलास दौरान सूचना मिला की राम सिंह मेरावी प्रार्थी की लड़की को भगा कर ले गया है और पटवा बैहर में रखा है. जिस पर तत्काल पुलिस टीम भेजकर आरोपी रामसिंह मेरावी पिता धनउ मेंरावी उम्र 20 वर्ष पता मराडबरा के कब्जे से नाबालिक बालिका को बरामद किया गया द्य नाबालिक बालिका पूछताछ में बताई कि राम सिंह मेरावी शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगाकर हैदराबाद ले गया था और वहा लगातार शारीरिक शोषण किया कुछ दिन वहा रखने के बाद पटवा बैहर ले आया द्य जिस पर प्रकरण में धारा 366, 376(2),(ह) ढ्ढक्क्ष्ट एवं 04 पाकसो एक्ट जोड़ी गयी. आरोपी से पूछताछ पर अपना अपराध करना स्वीकार किया जिस पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक निर्माण पर जेल भेजा गया।

## सोमनी वार्ड में किया गया जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन

**भिलाई, 11 जुलाई।** दुर्ग कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-38 सोमनी में बुधवार दिनांक 10-07-2024 को जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया । जिसमें सोमनी वार्ड के अलावा समीप वार्ड के नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।उल्लेखनीय है कि शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जल कार्य, निराश्रित पेंशन योजना, जन्म-मृत्यू, विवाह पंजीयन, राजस्व, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड के साथ स्वास्थ्य परीक्षण के भी काउन्टर लगाये गये, जिनमें बडी संख्या में पहुंचकर नागरिकों ने शासन के योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मितान कार्यकर्ता द्वारा 05 नया आधार कार्ड बनाया गया। जबकि 10 लोगों के आधार अपडेट किये गये। वही राजस्व विभाग को पट्टा ट्रांसफर हेतु एक आवेदन प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित 05 आवेदन बी.एल.सी. आवास हेतु प्राप्त हुए एवं 28 लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरण की कार्यवाही की गयी। जनसमस्या निवारण शिविर में 212 लोगों के राशन कार्ड का सत्यापन किया गया तथा निगम के मोबाईल मेडिकल युनिट से डॉ.रिचा शर्मा एवं सहयोगियों के द्वारा 29 लोगों का शुगर, ब्लड प्रेशर चेक कर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ प्रदान किया गया।निगम कमिश्नर श्री एम भार्गव (ट्रेनी आइ.ए.एस. ऑफिसर ) द्वारा सोमनी के सामुदायिक भवन पहुंचकर जन समस्या निवारण शिविर की कार्यवाही का निरीक्षण किया। सी.एस.पी.डी.सी.एल. भिलाई-चरोदा जोन भिलाई-03 की ओर से टेस्टिंग सुपरवाइजर श्री एम वेंकट रमन, यूडी.सी. हिमांशु गुप्ता के साथ सहायक लाईनमेन जी. गोविंद रेड्डी ने उपस्थित रहकर विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गयानिगम की ओर से कार्यपालन अभियंता सुनील



जैन, सहायक अभियंता डी.के.पांडेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता किसलय साहू, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर, सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरुणिमा दुबे मौजूद रहे।राशन कार्ड काउंटर में टी कामेश्वरी, जन्म-मृत्यु कांउटर से अभिलाषा श्रीवास्तव, राजस्व विभाग काउंटर से श्री सीताराम चौहान, श्री दीपक निषाद, समाज कल्याण काउंटर में श्री नरसिंह सपहा, श्री कृष्णा यादव, मितान काउंटर में श्री डागेश्वर साहू, श्री देव कुमार साहू, संपदा विभाग काउंटर से सहायक ग्रेड-01 श्री राजू वर्मा , लोक कर्म विभाग काउन्टर से श्री सुखनंदन यादव, पी.एम.आवास से सी.एल.टी.सी. श्री अंकित साहू, जया पमनानी, श्री टिकेन्द्र शर्मा, जल कार्य काउंटर से पुरेन्द्र वर्मा, श्री राजेश अचैया, द्वारा उपस्थित रहकर विभाग संबंधी आवेदनों को स्वीकार करने की कार्यवाही

### जिला अंत्यावसायी से ली गई ऋण की राशि अदा करने की अपील

**महासमुंद 11 जुलाई ।** जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति महासमुंद द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग योजनाओं के तहत ऋण वितरण किया गया है। जिसकी ऋण वसूली लक्ष्य पूर्ति के लिए सभी वर्ग के हितग्राहियों से प्रभारी कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने अपील करते हुए कहा है कि संबंधितों द्वारा जिला अंत्यावसायी महासमुंद से ली गई ऋण की राशि नियमित रूप से अदा करें। जो हितग्राही कालातीत (डिफाल्टर) है वे अपना ऋण राशि विभागीय कार्यालय एवं कर्मचारियों के पास शीघ्र जमा कराएं। राशि जमा नहीं करने पर आपके विरूद्ध या आपके जमानतदार के विरूद्ध ठोस कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए हितग्राही स्वयं जिम्मेदार होंगे।उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सफाई कामगार एवं अल्पसंख्यक वर्गों में वितरित किए गए ऋण राशि की वसूली के लिए समुदाय विशेष के समाज प्रमुख, पार्षद एवं अन्य सम्मानीय व्यक्तियों को सहयोग करने हेतु अपील किया है।

## 13 लोगों ने मांगा आवास

**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली के अंतिम वार्ड पुरैना में बुधवार को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 81 लोगों ने अलग-अलग समस्याओं का निराकरण करने आवेदन प्रस्तुत किया। खास बात यह है कि इनमें 13 ऐसे नागरिक शामिल है जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास की मांग की है। शिविर का निरीक्षण महापौर शशि सिन्हा ने की।

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि ऐसे आवेदन जो शिविर स्थल पर ही निराकरण किया जा सकता है उसका समाधान तत्काल किया जाए, ताकि नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए इंतजार करना न पड़े। शिविर का निरीक्षण महापौर शशि सिन्हा, महापौर परिषद की सद्स्य डॉ. सीमा साहू, पार्षद ओमप्रकाश मिर्झा, पार्वती महानंद, रंजीता बेनुआ, विधायक प्रतिनिधि के रूप में रिसाली मंडल के महामंत्री राजू जंघेल, विक्की सोनी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सफाई करने पहुंचे निगमकर्मी

जन समस्या निवारण शिविर में नागरिकों ने शिकायत की थी कि बारिश का मौसम है और वार्ड मे 2 नाली की सफाई अब तक नहीं हुई है। आयुक्त के निर्देश पर निगम कर्मियों ने बिना देरी किए नाली सफाई कार्य शुरू कराया और शिविर समापन के पहले ही कार्य पूर्ण किया।

### 69 लोग पहुंचे आधार लिंक कराने

पेंशन शाखा स्टॉल में 69 ऐसे लोग पहुंचे थे जिनका अब तक खाता से आधार लिंक नहीं हुआ था। आने वाले समय में आधार नंबर के आधार पर पेंशन राशि खाता में भेजा जाएगा। आधार लिंक नहीं होने से पेंशन राशि पर रोक लग जाएगी। शिविर में 19 राशन कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा लोककर्म विभाग के 6, प्रधानमंत्री स्वनिधि, राजस्व विभाग के 6 आवेदन प्राप्त हुए।

## एक नजर

### कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धामनसरा का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव 11 जुलाई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम धामनसरा के दौरे के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धामनसरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल को हरा-भरा बनाने के लिए स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर बहुत अच्छा एवं साफ-सुथरा है। प्राचार्य, शिक्षक, स्टॉफ एवं ग्रामीणों ने स्वच्छता पर ध्यान देते हुए बहुत अच्छा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जिले में संपर्क डिवाईस के अच्छे परिणाम रहे हैं और बच्चों उपस्थिति बढ़ी है। इसे सभी स्कूलों में उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे बच्चों की सीखने की प्रवृत्ति बढ़ेगी, उपस्थिति बढ़ेगी और संपर्क डिवाईस देखने से शिक्षकों की कौशल भी बढ़ेगा। उन्होंने सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं में नव प्रवेशी छात्राओं को सायकल वितरण किया। उन्होंने राज्य स्तरीय सब जूनियर कबड्डी बालक एवं बालिका चैम्पियनशिप में विजेता होने पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल कक्षा 10वीं में गणित विषय पढ़ाया। कक्षा 10वीं की छात्रा वोमेश्वरी पटेल ने 19 का पहाड़ा बहुत अच्छे से बताया, इस पर कलेक्टर ने उसकी तारीफ की। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित को सरल तरीके से पढ़ने का तरीका बताया। उन्होंने पहाड़ा याद करने के सरल तरीके के साथ गणित विषय को पढ़ाई करने का आसान तरीका बताया।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने ली कमार जनजाति के शिक्षकों की बैठक



**नगरी 11 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए पुरजोर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में कमार बच्चों को अच्छी सी अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए कलेक्टर स्वयं कमार बसाहटों में पहुंचकर समय-समय पर ग्रामीणों के साथ चर्चा कर उन्हें समझाईश भी दे रहीं हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आज जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगदल्ले ने मगरलोड और नगरी विकासखण्ड में कार्यरत कमार जनजाति के शिक्षकों की बैठक ली और उनसे रू-ब-रू चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि ड्रॉप आउट कमार विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए अभिभावकों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए। श्री जगदल्ले ने कहा कि किसी कारणवश स्कूल नहीं जाने और पढ़ाई के दौरान स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को ओपन स्कूल के माध्यम से परीक्षा में शामिल किया जाए, ताकि कमार बच्चे भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ सकें। इसके लिए उन्होंने शिक्षकों को कमार बसाहटों में जाकर ग्रामीणों से उनकी बोली में चर्चा करने और गृहभेंट कर अभिभावकों को समझाईश देने कहा कि वे अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें।

### अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**राजनांदगांव 11 जुलाई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी श्री लुमेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाडि़यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से खिलाड़ी आपस में मिलते हैं और खेल आपस में खिलाडि़यों में दोस्ती करवाता है। साथ ही युवा खिलाडि़यों के बीच नव ऊर्जा एवं उत्साह का संचार होता है। कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न खेलों के माध्यम से रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। कलेक्टर ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव देश में खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। साथ ही राजनांदगांव को हॉकी की नर्सरी के रूप में पहचाना जाता है। लेकिन अब राजनांदगांव को बास्केटबॉल की नर्सरी के रूप में भी पहचानते हैं। राजनांदगांव की पहचान हॉकी, झांकी और बास्केटबॉल के रूप में हो रही है। कलेक्टर ने खिलाडि़यों से परिचय भी प्राप्त किया और प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को शुभकामनाएं भी दी। साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के केंद्र प्रभारी केसी त्रिपाठी ने बताया कि अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 12 जुलाई 2024 तक लीग कम नॉकआउट पद्धति से खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता में साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की दो टीम, साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर, साई ट्रेनिंग सेंटर सेलम, साई ट्रेनिंग सेंटर धारवाड़, साई ट्रेनिंग सेंटर वाराणसी, युगांतर खेलो इंडिया एकेडमी एवं साई ट्रेनिंग सेंटर जम्मू की टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम के मेनेजर श्री रणविजय प्रताप सिंह, साई एवं अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक श्री कालवा राजेश्वर राव, विभिन्न टीमों के कोच मेनेजर कार्तिकेयन, सचिन डोंगढ, पंकज पांडे, प्रियंका कालवा राधा राव, दिव्या धारावत, सागादेवन, हरप्रीत कौर, अशोक यादव, अमित कुमार, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी गोविंद सेन, जतिन मिश्रा, मनिष धोबी, तिरथ गोस्वामी, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से गगनदीप सिंह बरार सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

# महिलाओं के मोबाइल में हर माह मिल रहा खुशियों का पैगाम

**रायपुर, 11 जुलाई।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य में महतारी वंदन योजना शुरू की है। इस योजना से महिलाओं का आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनने का सपना साकार हो रहा है। पिछले मार्च महीने से शुरू की गई इस योजना में विवाहित महिलाओं के बैंक खाते में एक-एक हजार रूपए की राशि हर माह दी जा रही है। अब तक कुल पांच किस्ते जारी की जा चुकी है। राज्य की लगभग 70 लाख महिलाओं को हर महीने लाभ मिल रहा है। महिलाओं का कहना है कि इस योजना से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। घर में उनकी पूछ परख बढ़ी है। घर की छोटी मोटी जरूरतों के लिए अब किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नही पड़ती। घर के अपनों



के छोटे-छोटे सपनें इस राशि से वे पूरा कर रही है। कई महिलाओं ने इस राशि से छोटी-छोटी आर्थिक गतिविधियां भी शुरू कर दी हैं। स्व-सहायता समूह में शामिल महिलाएं बचत का भी काम कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा करने राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत पांचवी किश्त की राशि पाकर जिले की महिलाएं काफी उत्साहित नजर आ रही है। नारायणपुर जिले के ग्राम छोटेडोंगर की श्रीमती सरोज कश्यप, ग्राम तेलसी की श्रीमती रोशनी साहू सहित हजारों महिलाओं के खाते में राशि का अंतरण हो चुका है जिससे महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। श्रीमती सरोज का कहना है कि वह राशि का उपयोग घर खर्च तथा बच्चों के पढ़ाई लिखाई में उपयोग करेंगी और कोहकामेटा की श्रीमती सुशीला नुरेटी ने बताया कि वह अपने गांव के बाजार में सब्जी भाजी बेचने का व्यवसाय स्थापित कर आय में वृद्धि करेगी। ओरछा की श्रीमती लक्ष्मी कोर्राम ने बताया कि वह ओरछा बाजार में होटल संचालित कर आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में उपयोग करेगी। महिलाओं के महिला सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ाते हुए योजना बनाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। नारायणपुर जिले के 27 हजार 581 महिलाओं को 1 हजार रुपए के मान से प्रत्येक महीना 2 करोड़ 75 लख रुपए से अधिक राशि मिल रहा है। गौरतलब है कि जुलाई माह में छत्तीसगढ़ की कुल 69 लाख 96 हजार 556 हितग्राहियों को 653 करोड़ 85 लाख रूपए की सहायता राशि का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित कर दिया गया है। इनमें से 66 लाख 16 हजार 618 हितग्राहियों को आधार लिंक खातों के आधार पर डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया तथा 3 लाख 79 हजार 938 हितग्राहियों जिनके खाते आधार से लिंक नहीं है, उन्हें एनईएफटी के माध्यम से उनके खाते में भुगतान किया जा रहा है। मार्च से जून तक 04 माह की सहायता राशि 2612 करोड़ 18 लाख रूपए की राशि का भुगतान महिलाओं के खाते में किया जा चुका है। ज्ञात हो कि महतारी वंदन योजना के तहत् पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार के हिसाब से साल में कुल 12 हजार रुपए महिलाओं को प्रदान की जाएगी।

# चोरी की एक और घटना, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है । प्रार्थी भरत शर्मा आ0 दिनेश शर्मा , आयु 26 वर्ष , जाति ब्राम्हण , निवासी ग्राम आरी, तहसील ङ्क डोंगरगांव ,थाना डोंगरगांव , जिला राजनांदगांव, छ0ग0 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह एक माह पुर्व से ही ग्राम आरी-कोनारी मे शीतला मंदिर के पास राकेश देवांगन के कॉम्लेक्स मे किराये पर ÷ गतिमान इलेक्ट्रीकल एण्ड रिपेयरिंग ÷ के नाम से इलेक्ट्रीक दुकान संचालन कर रहा है । रोज की तरह ही दिनांक 24.06.24 के रात्रि करीबन 09.30 बजे अपना इलेक्ट्रीक दुकान बंद कर घर आ गया । दिनांक 25.06.24 को सुबह करीबन 07.00 बजे राकेश देंवागन जी के द्वारा जरिये फोन से सुचना दिया कि ÷ गतिमान इलेक्ट्रीकल एण्ड रिपेयरिंग



÷ दुकान का एक ताला टुटा हुआ है एवं एक मुड़ा हुआ व शटर थोड़ा खुला हुआ है , तब मै स्वयं दुकान पर पहूंचा और लोमेश पटेल ,एवं धनजय शर्मा के साथ दुकान के सामने देखा तो ताला टुटा हुआ एवं शटर आधा खुला हुआ था अंदर जाकर देखा तो दुकान मे रखे इलेक्ट्रीकल सामान बिखरा हुआ था , सामानो को उठा कर सही जगह रखे एवं चेक करने पर पता चला कि 30 नग सिंलिंग फैन , 03 नग होम थियेटर , 02 नग स्पीकर बॉक्स , 04 नग एम्प्लीफायर ,20 नग डीटीएच केबल , 09 नग डीटीएच बॉक्स , 02 नग स्ध्रष्ठ टीवी ओनिडा कंपनी की 32 इंची , 01 02 नग स्ध्रष्ठ टीवी क्राउन कंपनी की 21 इंच , 09 नग किसान टार्च , 10 नग छोटा टार्च , 03 नग चार्जिंग पंखा , 50 नग लाईटर , 20 नग 09 वाट बैटरी 12 नग पेचकस ,10 नग ष्टष्ष्ट लाईट , 02 नग डीटीएच छतरी ,20 श्री पिन लीट वायर , 03 नग मेगाफोन , 20 नग फेनराड , 20 नग कॉपर वायर , 20 नग लुज वायर , कुल कीमती करीबन 72000/- रूपये का नही था जिसे दिनांक 24.06.24 एवं 25.06.24 के दरम्यानी रात्रि मे किसी अज्ञात चोर के द्वारा शटर का ताला तोड़कर शटर को हल्का उठाकर अंदर प्रवेश कर दुकान मे रखे उक्त सामानों को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अप0 पंजी0 कर विवे0 मे लिया गया है कि अप0 विवे0 दौरान जरिये मुखबीर पता चला कि ग्राम तिलईरवार निवासी खिलेन्द्र कुमार उर्फ बंटी के द्वारा इलेक्ट्रानिक सामान को फक्कीटोला के किसी व्यक्ति के पास बिक्री किया है , कि सुचना पर हमराह स्टॉफ ग्राम तिलईरवार पहूंच कर संदेही आरोपी खिलेन्द्र कुमार उर्फ बंटी का पता साजी किया जो घर पर मिला जिसे ग्राम आरी के गतिमान इलेक्ट्रीकल एण्ड रिपेयरिंग दुकान मे चोरी हुये एवं चोरी करने के संबंध मे पुछताछ किया जो अपने साथी सुरज कोसरे राकेश निर्मलकर एवं राकेश कुमार साहू के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

# सिहावा क्षेत्र के कबाड़ियों की नहीं हो रही जांच, बढ़ गई चोरी की घटना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 11 जुलाई।** नगरी क्षेत्र मे बाईक चोरों का आतंक दिन ब दिन बढ़ती जा रही है,दिनदहाड़े भीड भाड के जगह में लुटेरे युवक को धमका कर बाईक उठा कर ले गये है, पुलिस थाने मे शिकायत करते ही चोर बाईक को तोड फोड कर वापस उसी जगह छोड़ कर भाग गये बता दें की रथयात्रा के दिन सिहावा मेले में पूरे नगरी क्षेत्र के श्रद्धालु ग्रामीण पहुचतें है, सिहावा बस स्टैण्ड मे ही मुकीम खान का बाईक दूकान है,दूकान मे काम करने वाला युवक बाईक लेकर भोजन करने घर जा रहा था,इस दौरान पेट्रोल पंप के पास दो युवकों ने रोकर हमें घर छोड दो बोले जब युवक मना कर आगे बढा तो पेट्रोल पंप से महज 100 मीटर की दूरी पर एक युवक बाईक से आकर रोक लिया और योजनाबद्ध तरीके से युवक को मारने की धमकी देने लगे, युवक अपनी जान बचाने बाईक छोड कर भाग गया, जिसके बाद बाईक दूकान के संचालक ने थाने मे शिकायत की जहा शिकायत होने के कुछ समय बाद ही चोर बाईक को वापस उसी स्थान पर लाकर छोड कर भाग गये, लोगों मे चर्चा है की यह बाईक कबाडी दूकान मे कटने के लिये तैय्यार था जिसका सीट फाड चुके थे हेड लाईट भी तोड चुके थे व गाडी के कई सामान अस्त व्यस्त था। गौरतलब हो कि सिहावा थाना से महज चार पांच की मी की दूरी पर होलसेल कबाडी व्यपारियो का गोदाम है जहा पुलिस की जांच पड़ताल नही होती, लोगो मे चर्चा है की अगर पुलिस कबाडी दूकान मे छापा मारती है तो कई प्रकार के सामान मिलेंगे बाईक के साथ ही चार चक्का व अन्य प्रकार के सामान बरामद हो सकता है जांच के बाद कार्यवाही होगी तो चोरो की हिम्मत नही होगी चोरी कर सामान बेचने की कार्यवाही नही होने के चलते कबाडियो के हौसले बुलंद है।



## नो पार्किंग पर वाहन खड़े करने वाले 50 लोगों पर कार्रवाई



**राजनांदगांव 11 जुलाई।** 10 जुलाई को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार खेस, सउनि श्री येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव, शरद मसीह एवं यातायात टीम द्वारा शहर के फौव्वारा चौक, मानव मंदिर, कृष्णा टॉकीज, आजाद चौक, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, गंज चौक तक बेतरतीब तरीके से नो पार्किंग में खड़े कुल 50 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 15000 रूपये जुर्माना वसूला गया। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस की आम जन से अपील है कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करे एवं असुविधा से बचे।

# निगम आयुक्त ने पुष्पवाटिका का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरूस्त करने के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 जुलाई।** वार्ड भ्रमण की कडी में आज निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता तकनीकि अधिकारियों के साथ नीलगिरी पार्क, पुष्पवाटिका चौपाटी का निरीक्षण कर समुचित साफ सफाई एवं व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। पुष्पवाटिका में आकाक्षीय शौचालय निर्माण के लिये स्थल का निरीक्षण कर तत्काल कार्य प्रांरभ करने के आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा। उन्होंने कहा कि पुष्पवाटिका में मनोरंजन के लिये आने वालों के लिये सर्वसुविधायुक्त शौचालय का निर्माण किया जाना है, ड्राईंग डिजाईन के आधार पर शौचालय का निर्माण करे, जिससे लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने चौपाटी एवं पुष्पवाटिका में साफ सफाई के अलावा आवश्यक मरम्मत कर वाटिका दुरूस्त करने के निर्देश



कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को दिये। आयुक्त श्री गुप्ता ने एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर नियमित रूप से कचरा पृथककरण करने कचरा संग्रहण के दौरान घर से ही गीला सूखा अलग अलग कचरा लेने के अलावा सेन्टर में साफ सफाई रखने के निर्देश सेन्टर सुपरवाईजर को दिये। उन्होंने रानीसागर उलट के पास साफ सफाई रखने पानी से बदबू की शिकायत पर चुना ब्लीचिंग डालने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को दिये। नीलगिरी पार्क में सफाई निरीक्षण के दौरान कालोनी में समुचित साफ सफाई, रोड में डिवाईटर के आस पास साफ सफाई करने, नियमित रूप से कचरा उठाने निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, उप अभियंता श्री दीपक महला व श्री अनिमेष चंद्राकर, पीआईयू श्री देवेश साहू, प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

**स्वीकृत कार्य तत्काल प्रारंभ करने, सुचारू पेयजल के लिये सर्वे करने के दिये निर्देश**

# आयुक्त ने की लोककर्म एवं जल विभाग की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 जुलाई।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्य एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा में स्वीकृत निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करने व चल रहे कार्यो में तेजी लाने के निर्देश देने के साथ साथ शहर के सभी वार्डो में सुचारू पेयजल के लिये सर्वे कर सार्वजनिक नल तथा अवैध नल काटने के निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने सर्व प्रथम जल विभाग की समीक्षा कर पेयजल सप्लाई के सबंध में चर्चा कर अब तक काटे गये अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने जानकारी दी कि एक सप्ताह में 52 सार्वजनिक नल काटा गया है, शिकायत एंव सर्वे के आधार पर काटने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त ने कहा कि सभी उप अभियंता अपने अपने प्रभारित वार्ड में सार्वजनिक एवं अवैध नल का सर्वे करे



और टोटी विहीन तथा अनावश्यक बहने वाले नल सूचीबद्ध कर जल विभाग को प्रेषित करे, जिससे उक्त नल काटा जा सके। साथ ही भवन भवन अनुज्ञा उपरांत राशि जमा नहीं करने वालो के नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कम पानी आने व गंदा पानी आने की शिकायत प्राप्त होती है उसका यथा संभव निराकरण करे, इसी प्रकार नागरिकों एवं पार्षदों की शिकायतो का भी तत्काल निराकरण करे। उन्होंने कहा कि टंकिया पर्याप्त भरने के पश्चात ही सप्लाई करे, जिससे सभी क्षेत्रों में पर्याप्त प्रेशर से पानी आ सके। वाल्व खोलने संबंधी शिकायतों का भी निराकरण करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कही कही अमृत मिशन के द्वारा नल कनेक्शन नहीं होने की शिकायत आ रही है, वहा नल कनेक्शन देवे, पार्षदों से सम्पर्क कर छुटे हुये कनेक्शन लगावे, शेष इंटर कनेक्शन करे, पुराने नल कनेक्शन बंद करें, जिससे समान रूप से पेयजल सप्लाई हो सके। उन्होंने एलम ब्लीचिंग की पर्याप्त उपलब्धता रखने कहा ताकि बारिश में शुद्ध पेयजल सप्लाई में रूकावट न हो। निर्माण कार्य की समीक्षा में आयुक्त ने कहा कि अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्डो में कराये जाने वाले कार्यो हेतु पार्षदों द्वारा दिये गये कामो का जल्द प्राक्कलन तैयार करे। वृक्षारोपण के लिये स्थल सहित अन्य आवश्यक तैयारी करे, पार्षदों से भी सम्पर्क करे, ताकि शहर में वृहद रूप से वृक्षारोपण हो सके। उन्होंने स्कूल मरम्मत एवं आंगनबाडी मरम्मत कार्य की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने बताया कि स्कूल मरम्मत का कार्य पूर्णतः की ओर है तथा आंगनबाडी के लिये निविदा प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने आर.के.नगर उद्यान सहित शहर के उद्यानों में आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे कार्यो में प्रगति लावे एवं प्रारंभ होने वाले कार्यो को तत्काल प्रारंभ कराये तथा जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है एवं जिनके द्वारा अधुरा कार्य किया गया है,।

## समाचार संक्षेप

### मोटर सायकल चोर कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा

**राजनांदगांव 11 जुलाई।** प्रार्थी तरूण काछी पिता श्री बालाराम काछी उम्र 20 साल निवासी गौरी नगर रेल्वे क्रासिंग के पास राजनांदगांव का दिनांक 09.07.2024 को थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की घटना दिनांक 26.06.2024 से 27.06.2024 के मध्य रात्रि मे के0जी0एन0 बिरयानी नया बस स्टैण्ड राजनांदगांव के पास इसके मोटर सायकल बुलेट रायल इनफिल्ड क्लासिक क्रमांक सी0जी0 08 ए एल 8133 सिल्वर कलर कीमती 80000 रूपये एवं एक नग वन प्लस मोबाईल कीमती 10000 रूपये जुमला कीमती 90000 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। कायमी से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू व साइबर सेल प्रभारी विनय परमार के नेतृत्व मे थाना कोतवाली व साइबर सेल राजनांदगांव से टीम गठित कर ,अज्ञात आरोपी का पता तलाश के लिए घटना स्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया। फुटेज मे मिले क्लू के आधार एवं मुखबीर की सूचना पर आरोपी मिथलेश मारकण्डे पिता स्व0 महेश मारकण्डे उम्र 24 साल साकिन सतनामी पारा लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर उक्त बुलेट व मोबाईल को चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही ग्राम पदमुतरा मे एक हीरो मोटर सायकल को चोरी करना बताया कि आरोपी के कब्जे से एक बुलेट रायल इनफिल्ड कीमती 80000 रूपये एक हीरो मोटर सायकल कीमती 30000 रूपये एक वन प्लस मोबाईल कीमती 10000 रूपये जुमला कीमती 120000 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के प्रर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आज दिनांक 10.07.2024 को विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव मे दाखिल किया गया। आरोपी अदातन चोर है इसके खिलाफ पूर्व मे थाना कोतवाली राजनांदगांव मे अप0क्र0 480/22 धारा 379 भादवि0, इस्तगासा क्र0 02/23 धारा 41(1+4) जा0फौ0/379 भादवि0 एवं अप0क्र0 95/23 धारा 379 भादवि0 कायम कर चालान किया जा चुका है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्र0आर0 शंभूनाथ द्विवेदी , आरक्षक प्रख्यात जैन,नेमसिंह साहू साइबर सेल से अविनाश झा एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



### अवैध शराब बिक्री पर पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ की सख्त कार्रवाई

**राजनांदगांव 11 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग सर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा सर तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक सर के मार्ग दर्शन में पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा दिनांक 09/07/2024 को मुखबीर से सुचना प्राप्त हुआ कि रमेश बंजारे पिता सुकालू राम बंजारे निवासी ग्राम कोपेडीह द्वारा अपने मकान में अवैध रूप से शराब बिक्री करने रखा है कि सुचना पर गवाह 01. लीलाधर वर्मा 02. दिलीप वर्मा को नोटिस तामिल कर मुखबीर सुचना से अवगत कराकर पंचनामा तैयार करने बाद हमराह स्टाप एंव सायबर टीम के साथ शासकीय वाहन एवं अधिग्रहित वाहन के मौके पर रवाना होकर गवाहों के साथ आरोपी रमेश बंजारे पिता सुकालूराम बंजारे उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम कोपेडीह के मकान पहुंचकर आरोपी को मुखबीर सुचना से अवगत कराकर गवाहों के समक्ष मकान की तलाशी हेतु सहमति प्राप्त कर तलाशी लिया तो आरोपी रमेश बंजारे के मकान के परछी बैठक हाल से 01. एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में 88 पौवा देशी प्लेन शराब, 02. एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में 98 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की 03. एक प्लास्टिक की बोरी में 14 पौवा अंग्रेजी गोवा स्पेशल व्हीस्की, 04. एक बोरी में 12 बोतल अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब 05. एक प्लास्टिक की बोरी में 05 बोतल अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब प्रत्येक पौवा व बोतल सीलबंद कुल शराब 48.240 लीटर कीमती 34,840/रु. को इलेक्ट्रोनिक्स साक्ष्य का उपयोग कर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी रमेश बंजारे से गवाहों के समक्ष पूछताछ किया गया जो अपने सहयोगी हेमकुमार बंजारे के साथ शराब दुकान से 04-04 पौवा करने दोनों मिलकर खरीदना एवं उक्त शराब को अपने वाहन कार मारूती आल्टो क्र.सी.जी. 04 बी. 1782 में हेमकुमार बंजारे के द्वारा परिवहन करना बताया। आरोपी हेमकुमार बंजारे पिता रमेश बंजारे उम्र 26 वर्ष साकिन ग्राम कोपेडीह के द्वारा सहयोग करने पाये जाने मामले में आरोपी हेमकुमार बंजारे अवैध शराब खरीदी बिक्री एवं परिवहन करने में पूर्ण संलिप्तता पाये जाने से आरोपी हेमकुमार बंजारे के कब्जे से शराब परिवहन में उपयोग किये गये कार मारूती आल्टो क्र.सी.जी. 04 बी. 1782 को जप्त किया गया।



### सेग्रीगेशन यार्ड में किया जाएगा सूखा और गीला कचरा अलग

**धमतरी 11 जुलाई।** कुरुद विकासखंड के ग्राम पंचायत जरवायडीह के आश्रित ग्राम खपरी में एस.एस.जी.शेड सेग्रीगेशन यार्ड का निर्माण किया गया है। यह निर्माण कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत राशि 4.28 लाख, 15 वे वित्त के तहत 0.40 लाख एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत राशि 0.55 लाख अभिसरण से किया गया है। गांव की स्व सहायता समूह की महिलाएं इन कार्यों में जुड़ी हुई है। ये महिलाएं कचरा को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करेंगे। कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में बाँटने की प्रक्रिया में उसे अलग-अलग श्रेणियों में बाँटना शामिल है। कचरे की श्रेणियाँ कचरे की विशेषताओं पर आधारित होती हैं।

संपादकीय

# नेताओं, कार्यकर्ताओं को जोड़े रखना भी तो चुनौती

पार्टी एक बार लोकसभा का चुनाव हार जाए तो पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ रखना मुश्किल होता है। दूसरा लोकसभा चुनाव हार जाए तो पार्टी छोड़ने वाले नेताओं व कार्यकर्ताओं का लंबा सिलसिला शुरू होता जाता है। यदि पार्टी तीसरा लोकसभा भी हार जाए तो पार्टी के लिए नेताओं व कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोडे.रखना और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। राजनीति में माना जाता है कि दल तब ही एकजुट व मजबूत रहता है जब पार्टी सत्ता में रहे। निरंतर सत्ता में रहे।इसके उलट यदि पार्टी निरंतर सत्ता से बाहर रहती है तो न तो वह एकजुट रहती है और न ही मजबूत रहती है। जितनी बार हारती है, उतनी कमजोर होती जाती है।

देश में कांग्रेस की ऐसी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी है जो लोकसभा का तीन चुनाव हार चुकी है। इसलिए अन्य क्षेत्रीय दलों की तुलना में उसके लिए अपने नेताओं व कार्यकताओं को एकजुट रखना सबसे बड़ी चुनौती है। तीन चुनाव हारने के बाद पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं को भरोसा नहीं रह जाता है कि अब उनकी पार्टी कोई चुनाव जीतने वाली है। ऐसे में स्वाभाविक है कि वह दूसरे राजनीतिक दलों में अपना भविषय तलाशने का प्रायस करेंगे। दस साल में जितने कांग्रेस नेताओं ने पार्टी छोड़ी है, उतनी कभी नहीं छोड़ी क्योंकि कांग्रेस पहले एक चुनाव हार जाती थी तो पांच साल बाद दूसरा चुनाव जीत जाती थी। कभी ऐसा नहीं होता था कि कांग्रेस दो चुनाव, तीन चुनाव लागतार हारे। इससे नेताओं व कार्यकताओं में भरोसा रहता था कि एक चुनाव हार गए तो दूसरा चुनाव हम जीत लेंगे।

तीन चुनाव हारने के बाद ऐसा भरोसा नहीं रह जाता है तो पार्टी के नेताओं के सामने नेताओं व कार्यकताओं को किसी तरह भरोसा दिलाया जाए कि जल्द ही हमारी सरकार बनने वाली है। चुनाव में तो कांग्रेस को बहुमत मिला नहीं है, उसकी सरकार भी नहीं बनी है, फिर भी राहुल गांधी व कांग्रेस नेता आए दिन यह बयान इसीलिए देते हैं कि मोदी सरकार कमजोर है, वह कभी भी गिर सकती है,उसे तो हम अगस्त में गिरा देंगे। लालू यादव ने जो बयान हाल में दिया है कि अगस्त में मोदी सरकार गिर जाएगी,अपनी पार्टी के नेताओं को आश्वस्त करने की कोशिश है कि केंद्र में हमाही सरकार बनने वाली है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गाधी भी यही कर रहे हैं, उन्होंने हाल ही में अहमदाबाद में फिर कहा है कि जिस तरह भाजपा सरकार ने यहां कांग्रेस कार्यालय को तोडा है, हम भाजपा सरकार को तोड़ देंगे. जिस तरह भाजपा को हमने अयोध्या में हराया है, उसी तरह गुजरात में भी अगल चुनाव में हार देंगे। राहुल गांधी को पार्टी को अगले चुनाव तक एकजुट करना है तो यह तो कहना ही पड़ेगा कि अगला चुनाम हम जीतेंगे।लेकिन गुजरात में कांग्रेस दो दशक से चुनाव हारती आ रही है,इसलिए उसके लिए गुजरात में भाजपा को हराना आसान तो नहीं है लेकिन वह यह उम्मीद कर सकते हैं कि दो दशक में भाजपा के खिलाफ जो नाराजगी है, हो सकता है वह अगले चुनाव में उभर कर सामने आ जाए और कांग्रेस के अलावा कोई विकल्प न होने के कारण लोग कांग्रेस को ही चुने।

राहुल गांधी जानते हैं कि कांग्रेस भाजपा को अकेले नहीं हरा सकती।जिस अयोध्या में भाजपा को हराने की बात कर रहे हैं, वह भी झूठ कह रहे हैं, भाजपा फैजाभाद लोकसबा चुनाव हारी है, अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को बढ़त मिली है। भाजपा  के लिए अयोध्या एक बड़ा मुद्दा रहा है, इसलिए अयोध्या में भाजपा को हराना कांग्रेस बड़ी घटना बताने का प्रयास कर रही है। हकीकत यह है कि आज भी कांग्रेस को यूपी में जो सफलतका मिली है, उसके पीछे सपा व अखिलेश यादव का सहयोग है। अखिलेश यदि सहयोग नहीं करते तो राहुल गांधी राहबरेली तक नहीं जीत सकते थे।

राहुल गांधी को समझने की जरूरत है कि वह झूठ की राजनीति कर एक बार फायदा उठा सकते हैं। जब देश के लोग व पार्टी के लोग भी समझ जाएंगे तो राहुल गांधी व कांग्रेस को झूठ की राजनीति से ऐसा नुकसान होगा कि वह बरसों उसकी भरपाई कर पाएंगे। पीएम मोदी ने सही कहा है कि कांगरेस के मुंह झूठ का खून लग गया है। यही वजह है कि उसके नेता देश के लोगों के साथ ही अपने नेताओं व कार्यकताओं से भी झूठ बोल रहे हैं ताकि वह पार्टी छोड़कर न जाएं। राहुल गांधी के हर झूठ की पोल तो देरसबेर खुल जाती है। गुजरात में राहुल गांधी ने जो झूठ बोला है, उसकी पोल भी अगले चुनाव में खुल जाएंगी। तब वह गुजरात के नेताओं व कार्यकताओं से क्या कहेंगे।

संदर्भ

ललित गर्ग

# जनसंख्या नियंत्रण के लिये क्रांति का शंखनाद हो





प्रतिवर्ष विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को मनाया जाता है, यह दिवस 11 जुलाई, 1987 से मनाया जाता है, जब दुनिया की आबादी 5 अरब हो गयी थी। यह दिवस जनसंख्या वृद्धि, इसके विकास एवं स्थिरता पर प्रभाव के जटिल मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समूची दुनिया को एकजुट करता है और आयोजनात्मकता से आगे बढ़कर वैश्विक जनसंख्या वृद्धि की चुनौतियों और अवसरों पर वैश्विक संवाद और कार्रवाई को उत्प्रेरित करता है। यह सतत और संतुलित भविष्य प्राप्त करने एवं शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण के वैश्विक प्रयासों में योगदान देता है। वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व की जनसंख्या आठ अरब 11 करोड़ 88 लाख के लगभग है जो वर्ष 2023 से 0.91 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ी है। इसी अवधि में भारत की जनसंख्या एक अरब 44 करोड 17 लाख है जो वर्ष 2023 से 0.92 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ी है। भारत जनसंख्या के हिसाब से चीन को पीछे छोड़ कर विश्व में पहले नंबर पर आ गया है। चीन की वर्तमान जनसंख्या 1 अरब 42 करोड़ 51 लाख है। जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों और सेवाओं पर दबाब डालती है। जनसंख्या जिस तीव्र गति से बढ़ रही है, उस गति से आर्थिक विकास एवं अन्य विकास नहीं हो रहा है, जो एक गंभीर समस्या के रूप में बड़ी चुनौती है।

बात जब जनसंख्या वृद्धि की हो रही है तो दुनिया में भारत की बढ़ती जनसंख्या न केवल चौंका रही है, बल्कि एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रही है। भारत अब दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला मुल्क हो गया है, परेशानी में डालने वाली इस खबर के प्रति सचेत एवं सावधान होने के साथ सख्त जनसंख्या नियंत्रण नीति लागू करने की अपेक्षा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत साल 2023 में ही चीन से ज्यादा आबादी वाला देश हो गया था। जबकि पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि साल 2027 में भारत दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश होगा। बढ़ती जनसंख्या की चिन्ता में डूबे भारत के लिये चार साल पहले ही दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश होना कोई गर्व की बात नहीं है। भारत के लिये बढ़ती आबादी एवं सिकुड़ते संसाधन एक त्रासदी है, एक विडम्बना है, एक अभिशाप है। क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में संसाधनों की वृद्धि सीमित है। जनसंख्या वृद्धि ने कई चुनौतियों को जन्म दिया है किंतु इसके नियंत्रण के लिये कोरे कानूनी तरीके को एक उपयुक्त कदम नहीं माना जा सकता। इसके लिये सरकार को जनसंख्या पर तुरंत पारदर्शी एवं सख्त नियंत्रण के कदम उठाने के साथ, भारत के लिये प्रभावी जनसंख्या नीति को लागू करना, आम जनता की सोच एवं संस्कृति में बदलाव लाना होगा, लेकिन दुर्भाग्य से अभी कुछ हो ही नहीं रहा है।

पूरी दुनिया की आबादी में अकेले एशिया की 61 फीसदी हिस्सेदारी है। यह रिपोर्ट साफ इशारा करती है कि जहां कम आबादी है, वहां ज्यादा संपन्नता है। भारत में दिन-प्रतिदिन जनसंख्या विस्फोट हो रहा है, इसी से बेरोजगारी बढ़ रही है, महंगाई भी बढ़ने का कारण यही है, संसाधनों की किल्लत भी इसी से बनी हुई है। यही एक कारण भारत को दुनिया की महाशक्ति बनाने की सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में सबको नौकरी मिलना इतना आसान नहीं। इसलिए सरकार शीघ्र सुसंगत जनसंख्या नीति लागू करे। जिसको दिक्कत हो और ज्यादा बच्चे पैदा करके मनमानी करनी हो, उनके खिलाफ कानूनी सजा के प्रावधान किये जाये। यह एक अराष्ट्रीय सोच है कि अधिक बच्चे पैदा करके उनकी जिंदगी कष्ट में झोंकना। जब बच्चे को सुखी जिंदगी नहीं दे सकते, तो दूसरों के भरोसे उन्हें पैदा करने की प्रवृत्ति शर्मनाक है। यह देखने में आ रहा है कि आज के वैज्ञानिक युग में भी कुछ समुदाय बच्चे पैदा करने को लेकर रूढ़िवादी नजरिया अपनाए हुए हैं और उनकी प्रतिक्रिया में अन्य समुदायों के नेता भी ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की वकालत करने लगे हैं। यह बेहद खतरनाक स्थिति है। इस तरह जनसंख्या बढ़ोतरी की पैरोकारी करने वालों की निंदा की जानी चाहिए, चाहे वे किसी मजहब के हों। क्योंकि देश की तरक्की की सबसे बड़ी बाधा बढ़ती जनसंख्या ही है।

भारत में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने में राजनीति एवं तथाकथित स्वार्थी राजनीतिक सोच बड़ी बाधा है। अधिकांश कट्टरवादी मुस्लिम समाज लोकतांत्रिक चुनावी व्यवस्था का अनुचित लाभ लेने के लिए अपने संख्या बल को बढ़ाने के लिये सर्वाधिक इच्छुक रहते हैं और इसके लिये कुछ राजनीतिक दल उन्हें प्रेरित भी करते हैं। ऐसे दलों ने ही उद्घोष दिया है कि ह्लजिसकी जितनी संख्या भारी सियासत में उसकी उतनी हिस्सेदारीह्लह्ल जनसंख्या के सरकारी आकड़ों से भी यह स्पष्ट होता रहा हैं कि हमारे देश में इस्लाम सबसे अधिक गति से बढ़ने वाला संप्रदाय-धर्म बना हुआ हैं। इसलिए यह अत्यधिक चिंता का विषय है कि ये कट्टरपंथी अपनी जनसंख्या को बढ़ा कर देश के लिये बड़ी समस्या खड़ी कर रहे हैं। सीमावर्ती प्रांतों जैसे पश्चिम बंगाल, आसाम, कश्मीर आदि में वाकायदा पडौसी देशों से मुस्लिमों की घुसपैठ कराई जाती है और उन्हें देश का नागरिक बना दिया जाता है, यह एक तरह का ह्लजनसंख्या जिहादह्ल है क्योंकि इसके पीछे इनका छिपा हुआ मुख्य ध्येय हैं कि धर्मनिरपेक्ष भारत का इस्लामीकरण किया जाये।

हमारी जनसंख्या नियंत्रण संबंधी नीतियां बहुत उदार रही हैं, जिसकी वजह से हम आबादी बढ़ने की रफ्तार को जरूरत के हिसाब से थाम नहीं पाए। चीन ने साल 1979 में ही एक संतान नीति को पूरी कड़ाई से लागू कर दिया था, इसका नतीजा हुआ कि उसे आबादी की रफ्तार रोकने में कामयाबी मिली। ध्यान देने की जरूरत है कि साल 1800 में भारत की जनसंख्या लगभग 16.90 करोड़ थी। चीन आबादी के मामले में कभी भारत से लगभग दोगुना था। 1950 के बाद दोनों देशों की आबादी तेजी से बढ़ने लगी। साल 1980 में चीन एक अरब जनसंख्या तक पहुंच गया। इसके ठीक एक वर्ष पहले वहां एक संतान की नीति लागू हुई थी। भारत साल 2000 में एक अरब के आंकडे.के पार पहुंचा और अब चीन से आगे निकल गया है। चीन एक संतान की नीति को 2016 में वापस ले चुका है, लेकिन इसके बावजूद वहां आबादी पर नियंत्रण है, क्योंकि वहां की राष्ट्रीय भावना, संस्कृति और सोच, दोनों में बदलाव आ चुका है। लेकिन भारत में ऐसा न होने का कारण राजनीति एवं उसके द्वारा पोषित मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति है। इसके वितरीत विभिन्न मुस्लिम देश टर्की, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, मिस्र, सीरिया, ईरान, यू.ऐ. ई., सऊदी अरब व बांग्लादेश आदि ने भी कुरान, हदीस, शरीयत आदि के कठोर रुढ़ीवादी नियमों के उपरांत भी अपने-अपने देशों में जनसंख्या वृद्धि दर नियंत्रित करने के कठोर उपक्रम किये हैं।

भारत की स्थिति चीन से पृथक है तथा चीन के विपरीत भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहाँ हर किसी को अपने व्यक्तिगत जीवन के विषय में निर्णय लेने का अधिकार है। भारत में कानून का सहारा लेने के बजाय जागरूकता अभियान, शिक्षा के स्तर को बढ़ाकर तथा गरीबी को समाप्त करने जैसे उपाय करके जनसंख्या नियंत्रण के लिये प्रयास होने चाहिये। परिवार नियोजन से जुड़े परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये तथा ऐसे परिवार जिन्होंने परिवार नियोजन को नहीं अपनाया है उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से परिवार नियोजन हेतु प्रेरित करना चाहिये। बेहतर तो यह होगा कि शादी की उम्र बढ़ाई जाए, स्त्री-शिक्षा को अधिक आकर्षक बनाया जाए, परिवार-नियंत्रण के साधनों को मुफ्त में वितरित किया जाए, संयम को महिमा-मंडित किया जाए और छोटे परिवारों के लाभों को प्रचारित किया जाए। शारीरिक और बौद्धिक श्रम के फासलों को कम किया जाए। जनसंख्या दिवस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिल्कुल सही कहा है कि जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रयासों से सभी मत, मजहब, वर्ग को समान रूप से जोड़ा जाना चाहिए। अनियंत्रित जनसंख्या भी अघोषित आतंकवाद एवं जिहादी मानसिकता ही है, यह राष्ट्र की प्रगति एवं संसाधनों को जड़ करने एवं बांधने का जरिया है। क्योंकि लोगों के आवास के लिए कृषि योग्य भूमि और जंगलों को उजाड़ा जा रहा है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा, जबकि प्राइवेट काम करने वाले लोगों का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको ऑफिस में एक्स्ट्रा काम करना पड़ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा, आप कुछ नया सीखेंगे। करीबी लोगों की राय मानना आपके लिए फायदेमंद होगा। उच्च अधिकारियों से सराहना एवं सम्मान प्राप्त होगा। आपका प्रमोशन होने की संभावना बढ़ जाएगी। संतान के प्रति आज विश्वास बढ़ेगा। कन्या पक्ष को बड़ी सफलता मिलने से घर में खुशी का माहौल रहेगा।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप किसी ट्रिप की प्लानिंग कर सकते हैं। आप उन्हें कोई गिफ्ट दे सकते हैं, आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आप अच्छे काम में अपना सहयोग दे सकते हैं, इससे समाज में आपका नाम होगा। माता आपसे किसी काम को लेकर सलाह ले सकती है। आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी। बिजनेस कर रहे लोगों को कोई बड़ी सफलता मिलेगी। पुरानी जायदाद के ऋय-विक्रय के कार्यों से धन लाभ के संकेत दिखाई दे रहें हैं।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए बढ़िया है। आज आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। दोस्त की मदद से आपको किसी अच्छी कम्पनी में नौकरी मिलने के योग हैं। आप लवमेट के साथ मूवी देखने का प्लान करेंगे। आप घर की सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी करेंगे, समय की कमी के कारण आप परिवार को ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे फिर भी आपको घरवालों से पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी के लिए परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को मल्टीनेशनल कंपनी से ऑफर आ सकता हैं।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करने में सफल होंगे। पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा.. आप कम्प्यूटर कोर्स सीखने के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं। आज आपको बड़े भाई-बहनों से पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज काम करने में आसानी होगी, काम तय समय में पूरा होगा। होटल या रेस्टोरेंट का बिजनेस कर रहे लोगो के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपकी कमाई में इजाफ़ा होगा। कार्य स्थल पर आज आपको अपने सहकर्मियों से सहयोग मिलाता रहेगा।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके पास नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं, घरवालों के सहयोग से आप हर काम को अच्छे से संभाल लेंगे। आप घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम की तैयारी भी करवा सकते हैं। आस-पड़ोस के लोग आपको देखकर खुश होंगे। कोई व्यक्ति आपसे अपने बच्चों के करियर के लिए सलाह ले सकता है, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। स्वास्थ्य की दृष्टि से आप ऊर्जावान बने रहेंगे, आपका दिन अच्छा रहेगा। आज अपकी वाणी और व्यवहार में मधुरता आएगी। किसी भी कार्य में अत्यधिक आत्मविशवास न दिखाए कार्यो को थोडा ध्यान पूर्वक करें।

कन्या राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्य में रुचि लेंगे। ऑफिस का कोई व्यक्ति आपके घर पर आ सकता है, उनके साथ आप कुछ बातें शेयर कर सकते हैं। बच्चे किसी काम में आपकी मदद ले सकते हैं, आप बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे। बूटिक का काम कर रही महिलाओं के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी कस्टमर से आपको अच्छा धन लाभ होगा। आज आपके स्वाभाव में लचीलापन रहेगा, लोगों को अपनी बातें सरल भाषा में समझाएंगे। किसी नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले अपने सहकर्मियों और मित्रों से परामर्श अवश्य करें। बिजनेस में आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपनी कार्य कुशलता को बढ़ाने की जरूरत है। आज आप करियर को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। नये कोर्स में एडमिशन के लिए आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज आप जीवनसाथी व बच्चों के साथ शॉपिंग के लिए जायेंगे। आपको अपनी आमदनी को ध्यान में रखकर खर्चा करना चाहिए। नवविवाहित दंपति किसी टूर पर जायेंगे, वहां एक दूसरे को अच्छे से समझेंगे। छात्र आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनाएंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज बच्चों के किसी काम में आपका ज्यादा खर्च हो सकता है। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से सम्पर्क बढ़ाने की जरूरत है। आप पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ेंगे, आपको काम में सफलता मिलेगी। किसी की कही-सुनी बातों पर विश्वास करने से आपको बचना चाहिए। सेहत के मामले में आपको थोड़ा ध्यान रखना चाहिए। दांपत्य जीवन में प्यार बना रहेगा। आज आपकी सृजनशील प्रवृत्ति कार्यस्थल पर आपको सम्मान दिलाएगी। आप अपनी बुद्धि और विवेक से किसी आर्थिक समस्या का समाधान खोज लेंगे।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम पूरी एकाग्रता से करेंगे। जो लोग शादी-शुदा हैं, वो आज कहीं घूमने जा सकते हैं, आपका समय बहुत अच्छा बीतेगा। लोहे के कारोबारियों को अच्छा फायदा होगा। आपको कोई बड़ा काम मिलेगा। पार्ट टाइम जॉब कर रहे छात्रों की नौकरी पक्की हो सकती है। बिजनेस में नई योजना लागू करने से लाभ होगा। आप कोई इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी खरीदने के लिए सोच सकते हैं।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज के दिन आपको काम में बड़ी ही सतर्कता बरतनी होगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस फ़ील्ड से जुड़ी हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं। फल से जुड़े बिजनेस कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा, आय में वृद्धि होगी। अगर आप किसी से जरूरी मीटिंग के लिए जा रहे हैं, तो आपको अपने पहनावे पर ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही अच्छी सेहत के लिए आप रूटीन एक्सरसाइज इुस्त्रस्त्र करेंगे। आज आपके अच्छे कामों को देखकर लोग आपसे बहुत कुछ सीखना चाहेंगे।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज जीवनासाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करने से काम को लेकर आपको कोई अच्छी सलाह मिलेगी। बच्चे आज किसी स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। आज आप किसी बात में बेवजह उलझे रहेंगे। काफी समय से जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा। छात्रों को आज मनचाहा परिणाम मिलने की संभावना है। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज किसी संस्था के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा, आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे।परिवार में लोगों के बीच अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। शाम को आप परिवार के साथ किसी फंक्शन में जा सकते हैं।

## कैंडी क्रश की फूटी किस्मत

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



सुनसान पड़े जूम की भेंट एक दिन आभासी दुनिया के सिरताज कैंडी क्रश से हो गई। दोनों ने पहले फोर जी, फाई जी का रोना रोया और फिर एक-दूसरे की आँखें पोंछी। बातचीत का क्रम आगे बढ़ा। जूमः कैंडी क्रश भाई! आजकल तुम्हारी धूम मची है। सबकी जुबान पर एक ही नाम गूँजता है झ कैंडी क्रश। न जाने तुमने बच्चों पर ऐसा क्या जादू कर दिया है कि हर कोई तुम्हारा दिवाना है।

कैंडी क्रशः भैया बात तो सही है। लेकिन बच्चे तो बच्चे हैं! जो तुम्हारी गोद में रहकर नहीं सुधरे वे खाक मुझसे सुधरेंगे। इनकी शैतानियों से तंग आ गया हूँ।

जूमः ऐसा न कहो भाई। दुनिया में बच्चे ही बचे हैं जो दुनियादारी से दूर हैं। दुनियादारी इंसान से पहले उसकी मासूमियत छीनता है बदले में धूर्तता, झूठ बोलने के नुस्खे और रिश्तों से दूर रहने का हुनर सिखाता है।

कैंडी क्रशः फिर भी भैया इन बच्चों से मैं तंग आ गया हूँ। मैं रंग-बिरंगी कैंडियों का ऐसा क्रश हूँ, जो सबके सिर पर चढ़कर बोलता हूँ। किंतु इन उत्पाती, उपद्रवी और शरारती बच्चों ने मेरा मजाक बनाकर रख दिया है। कभी मुझे आधा-अधूरा खेलकर बिस्तर के नीचे छिपा देते हैं, कभी बाथरूम में ले जाकर मुझे खेलना छोड़कर सब काम करते हैं। चलो माना कि ऐसा घर के सदस्यों के भय से कर रहे हैं, लेकिन जब घर में कोई नहीं होता तो वे कुछ और करते हैं। बैटरी लाख ड्रेन हो जाए, आँखें खराब हो जाए, कानों पर जूँ तक नहीं रेंगता। जूमः बस इतनी सी बात के लिए बच्चों से चिढ़ गए। उछलने-कूदने, उत्पात मचाने का दूसरा नाम ही तो बच्चे हैं। ये नहीं उत्पात मचायेंगे तो हम-तुम उत्पात मचायेंगे! मैं तो बच्चों की कमी के चलते कमजोर हो गई हूँ। दिखने में तो सॉफ्टवेयर हूँ लेकिन मेरे भीतर बच्चों का दिल धडकता है। उनके न रहने से मुझे घुटन सी हो रही है। मुझे बच्चों से मिले अरसा हो गया। वे तो हमेशा ऑनलाइन खेलों में लगे रहते हैं। विशेषकर तुम से। ऑनलाइन क्लास के प्लाटफार्म से बच्चे काफूर हो गए हैं। कैंड क्रशः बस भी करो भैया! आप इन्हें ठीक से नहीं जानते। ये जानबूझकर मुझे छोड़कर गंदी-गंदी साइटें देखते हैं। कभी चादर ओढ़कर तो कभी छज्जे पर जाकर चोरी-चोरी चुपके-चुपके अनाप-शनाप देखते हैं। पढ़ने का नाटक करते हैं। मुझे छोड़कर न जाने दिमाग खराब खेल खेलते हैं। मेरे नाम पर रिसेंट एप्स खोलकर दुनिया भर के गेम खेलते हैं, वीडियो देखते हैं। मटरगस्ती करते हैं। जूमः कैंडी भैया आप भी...! आपको क्या लगता है कि बच्चे मेरे यहाँ ऐसा नहीं करते? यहाँ पर भी वे हमारे नाम पर कुछ और करते हैं। कुछ पूछो तो ऑनलाइन दोस्त इशारों-इशारों में बहुत कुछ गलत करने के लिए प्रेरित करते हैं। आँखें मिचियाते हैं। पढ़ाई के नाम पर शैतानी करते हैं। चुपके-चुपके बातें करते हैं। एक-दूसरे को गंदी-गंदी तस्वीरें-वीडियो भेजते हैं। इसी की तो जूम कहते हैं। जूम में बच्चों की आवाजें अब नहीं गूँजती हैं। उनकी गूँज की कमी से जूम की झूम खत्म हो गई है। सॉफ्टवेयर के नाम पर एकदम सॉफ्ट पड़ गया हूँ।

## रोजाना कितने घंटे इस्तेमाल करना चाहिए हेडफोन

आजकल हम सभी हेडफोन और ईयरफोन का बहुत इस्तेमाल करते हैं. चाहे गाने सुनना हो, फिल्म देखनी हो, या किसी से फोन पर बात करनी हो, हेडफोन और ईयरफोन हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनका ज्यादा इस्तेमाल आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है? आइए जानते हैं कि रोजाना कितने घंटे हेडफोन या ईयरफोन का इस्तेमाल करना सही है और इससे कौन-कौन सी खतरनाक समस्याएं हो सकती हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि हेडफोन या ईयरफोन का इस्तेमाल रोजाना 1 से 2 घंटे तक ही करना चाहिए. अगर आपको ज्यादा देर तक इनका इस्तेमाल करना पड़े, तो बीच-बीच में ब्रेक जरूर लें. लगातार लंबे समय तक हेडफोन या ईयरफोन का इस्तेमाल करने से कानों पर बुरा असर पड़ सकता है. सुनने की क्षमता पर असरः हेडफोन या ईयरफोन का तेज आवाज में लंबे समय तक इस्तेमाल सुनने की क्षमता को कमजोर कर सकता है. इससे बहरापन भी हो सकता है.

जनसंख्या

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

# बढ़ती आबादी के मुकाबले सुविधाओं का स्तर



विश्व के सबसे बड़े युवा आबादी वाले देश के रूप में भारत है, देश में क्षेत्रफल की तुलना में आबादी हद से ज्यादा बढ़ चुकी है, जिससे विकास का चक्र धीमा होकर समाज के हर वर्ग और हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण हर किसी को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता या आवश्यक विकास संभव नहीं हो पाता, जिससे देश में संसाधनों का अत्यधिक दोहन, गलिच्छ बस्तियां, अशुद्ध वातावरण, प्रदूषण, अशुद्ध हवा-पानी, निम्न जीवनमान जैसी समस्याओं का निर्माण होता है और आगे ये समस्याएं आर्थिक असमानता, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, महंगाई, नशाखोरी, अपराधवृत्ति, मिलावटखोरी, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को तेजी से बढाती है, लोग अपने स्वार्थ के हिसाब से जीने लगते हैं और नैतिकता, नीति-नियम, सामूहिक जिम्मेदारी, देश के प्रति कर्तव्य भावना बस नाम के लिए रह जाती है। अन्नदाता किसानों की आत्महत्याएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए सरकारी योजनाएं, आयोग, कानून, नीतियां, मंत्रालय, विभाग, संगठन होकर भी लोग समस्याओं से जूझते है क्योंकि उन्हें उचित सुविधाएं आवश्यकता अनुसार नहीं मिल रही है। विश्व के कई विकसित देशों की जनसंख्या के मुकाबले हमारे देश के एक-एक राज्य की जनसंख्या है।

नवीनतम संयुक्त राष्ट्र डेटा वल्डोमीटर विस्तार के आधार पर, 1 जुलाई, 2024 तक भारत की वर्तमान जनसंख्या 1,441,696,095 थी। भारत की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का 17.76 प्रतिशत है। जनसंख्या के आधार पर भारत नंबर 1 पर है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2023 तक देश पर 205 लाख करोड़ रुपया कर्ज हो गया, पिछले दस साल में 150 लाख करोड़ कर्ज बढ़ गया, जबकि 2004 में कर्ज 17 लाख करोड़ रुपये था। विश्व आर्थिक मंच रिपोर्ट 2021 अनुसार, भारत की शिक्षा की गुणवत्ता दुनिया में 90 वें स्थान पर है, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में भारत 180 देशों में से 93वें स्थान पर है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की झुग्गी-झोपड़ियों की आबादी लगभग 6.5 करोड़ है जो शहरी भारत का 17 प्रतिशत और भारत की कुल आबादी का 5.4 प्रतिशत है। 2011 में, महाराष्ट्र में झुग्गियों में रहने वाली आबादी 1.18 करोड़ थी, इसके बाद आंध्रप्रदेश में लगभग 1.02 करोड़ थी।

देश में संपत्ति व आय प्राप्ति में बहुत असमानता है, जो लगातार बढ़ रही है। भारत में संपत्ति असमानता से पता चलता है कि शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है, सबसे अमीर 1 फीसदी के पास देश की 53 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब में से आधे लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का केवल 4.1 प्रतिशत हिस्सा है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, शीर्ष 10 फीसदी के पास कुल राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत है तथा शीर्ष 1 फीसदी के पास राष्ट्रीय आय का 22 प्रतिशत है। सबसे निम्न 50 फीसदी की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत हो गई है। देश के कुल वस्तु एवं सेवा कर अर्थात जीएसटी का लगभग 64 प्रतिशत पैसा नीचे की 50 फीसदी आबादी से आया, जबकि केवल 4 प्रतिशत शीर्ष 10 फीसदी से आया। एफएओ, आईएफएडी, यूनिसेफ, डब्ल्यूएफपी और डब्ल्यूएचओ की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की 42.1 प्रतिशत आबादी को स्वास्थ्यवर्धक पोषक भोजन तक पहुंच नहीं है, जबकि भारतीय आबादी के लिए यह आंकड़ा 74.1 प्रतिशत है। 16.6 प्रतिशत भारतीय कुपोषित हैं, जबकि दुनिया की आबादी का 9.2 प्रतिशत है। विश्व भूख सूचकांक में भारत 125 देशों में से 111 वें स्थान पर है, जो भूख की तीव्रता के गंभीर स्तर को दशार्ता है।

ब्लूमबर्ग के हवाले से नैटिक्सिस एसए की रिपोर्ट अनुसार, भारत को 2030 तक 11.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने की जरूरत है, अर्थात हर साल 1.65 करोड़ नौकरियां। साल 2030 तक, पृथ्वी पर कामकाजी हर पांच लोगों में से एक भारतीय होगा। हाल ही में, मानव विकास संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024' नामक एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया है कि भारत बढ़ती युवा बेरोजगारी दर से जूझ रहा है। भारत के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं, और कुल बेरोजगारी में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 35.2% से लगभग दोगुनी होकर 2022 में 65.7% हो गई है। देश में बेरोजगारी का आलम से तो सभी वाकिफ है ही। चपरासी के पद के लिए भी बड़ी मात्रा में उच्च शिक्षित, पीएचडी पदवी धारक भी आवेदन करते है। सरकारी उपाययोजना, नीतियों के बावजूद, सामाजिक असमानता बनी हुई है। डब्ल्यूएचओ प्रति 1000 जनसंख्या पर 1 डॉक्टर और 3 नर्स के अनुपात की सिफारिश करता है, जबकि देश में प्रति 1000 लोगों पर 0.73 डॉक्टर और 1.74 नर्सें है।

सरकारी विभागों में बड़ी मात्रा में बरसों से पद खाली पड़े है, अधिकतर विभागों में कर्मचारियों की कमी होने से बहुत बार सरकारी सुव्यवस्था और विकास बोझ तले दबे हुए प्रतीत होते है, जिसका खामियाजा सामान्य जनता को भुगतना पड़ता है। उदाहरण के लिए ट्रैफिक पुलिस की कमी के कारण अनेक शहर में ट्रैफिक सिग्नल पर यातायात की समस्या अर्थात हर ट्रैफिक सिग्नल पर ट्रैफिक पोलिस नजर ही नहीं आती इसलिए अधिकतर वाहन सिग्नल तोड़ कर निकलते है, दुर्घटना होने पर समय पर सहायता नहीं मिलती, ट्रैफिक जाम में एंबुलेंस तक को निकलने जगह नहीं मिलती है। कहीं सड़क खोदकर छोड़ देते है, कहीं सड़क पर कचरे का ढेर लगा रहता है, कहीं खुली गटर, तो कहीं पिने का पानी बहता रहता, तो कहीं दिन में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट शुरू रहती है। प्रदूषण के कारण शुद्ध ऑक्सीजन, शुद्ध पानी, शुद्ध आहार अब मिलना मुश्किल हो गया है। मिलावटखोरी का ये आलम है कि शहर में रोज हजारों दुकानों, व्यवसायिकों, होटलों पर जाँच होनी चाहिए, परंतु बड़े त्योहारों या साल में कभी-कभार ही सरकारी विभागों द्वारा जाँच होने की खबरें पढ़ने को मिलती है। कर्मचारियों की कमी से शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, न्याय हर क्षेत्र में समस्या नजर आती है, जिससे काम लंबित होते है, सालो-साल पेंडिंग फाइल का काम चलता है, कार्य की गुणवत्ता निम्न होती जाती है और सामान्य मनुष्य का जीवन संघर्षमय बनता जाता है। ऐसी स्थितियों में सत्ताधारी, अधिकारी वर्ग, कर्मचारी अपने स्वार्थ के लिए पद का दुरूपयोग करने की संभावना बढ़ जाती है।

सौ बात की एक बात है कि जनसंख्या के मुकाबले सुविधाएं कम है और तब मांग की तुलना में पूर्ति कम होने पर गुणवत्ता गिरती है। शहर, महानगर 10 साल में दोगुनी आबादी से बढ़ रहे है, अगर ग्रामीण क्षेत्रों को ही विकसित करके वहां के लोगों के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा और अच्छे रोजगार के मौके दिए जाये तो उनका शहरों की ओर पलायन कम होगा। बढ़ती आबादी सरकारी प्रणाली, तकनीक और प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बनाती है। जनसंख्या नियंत्रण और कुशल प्रशासन होने पर ही सबको बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की सुविधा मिल सकती है, सभी बच्चों को उच्चतम परवरिश मिलेगी, तभी सबका जीवनमान सुधरेगा। सरकार ने कार्यकलापों को तय समय में निपटाना चाहिए, सबको शिक्षा अनुसार रोजगार मिलना चाहिए। प्रत्येक विभाग, क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए पदभरती हर साल होनी चाहिए। हर घर शिक्षा अनुसार एक सरकारी नौकरी की योजना पर जोर देना चाहिए, भले ही फिर सभी मुफ्त की सरकारी योजनाएं बंद करनी पडे, क्योंकि हर परिवार आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार के लिए बेहतर जीवनयापन कर सकता है। अगर चपरासी से लेकर कलेक्टर तक प्रत्येक सरकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद, विधायक, सांसद और सरकार में काम करनेवाले हर एक ने सरकारी स्कूल, कॉलेज, रेलवे, सरकारी बस, सरकारी अस्पताल की सेवाओं का उपभोग अपने और परिवार के लिए करें तो, इससे इन विभागों, क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा, गुणवत्ता बढ़ेगी। जैसे बड़े नेताओं के दौरे के वक्त रातोरात सड़कें चकाचक कर दी जाती है। इसी सोच से देश का शीघ्र ही कायाकल्प किया जा सकता है। सरकारी यंत्रणा मजबूत, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शक और विकसित होनी चाहिए। प्रत्येक नागरिक को उसकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से होनी चाहिए। जनता की जिम्मेदारी है कि सरकार को पूरा सहयोग करें और नीति नियमों का पालन करें।

एक नजर

## डढ़िया तालाब के सफाई अभियान में अधिवक्ता संघ का श्रमदान

**कांकेर, 11 जुलाई ।** जिला प्रशासन की पहल पर नगर के ऊपर नीचे रोड स्थित प्राचीन डढ़िया तालाब को जलकुंभी मुक्त बनाने लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में आज अठारहवें दिन तालाब के शिव मंदिर घाट में अधिवक्ता संघ कांकेर के अध्यक्ष श्री नरेंद्र दवे, उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, श्री खम्मन मरकाम, श्री गजेन्द्र साहू, श्री धनेश यादव एवं अन्य अधिवक्ताओं ने श्रमदान किया। साथ ही जवाहर वार्ड के नागरिक एवं होमगार्ड के दल ने भी उक्त तालाब से जलकुम्भी निकालकर श्रमदान किया। इसी तरह वंदेमातरम घाट में नागरिकगण, पूर्व सैनिक दल और स्वयंसेवी संस्था ने तालाब से जलकुंभी निकालने में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। इस मुहिम में श्री अरूण कौशिक, श्री अविनाश नेगी, श्री टेश्वर जैन, श्री मोहन सेनापति, श्री पंकज कौशिक, श्री अशोक राठी, श्री अजय पप्पू मोटवानी, श्रीमती विजय लक्ष्मी कौशिक सहित कई वरिष्ठ नागरिक, स्वयंसेवी संस्था अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

## विद्यार्थियों को नियमित स्कूल भेज शिक्षित और विकसित बनाने विधायक नेताम ने की अपील



**कांकेर, 11 जुलाई ।** विधायक श्री आशाराम नेताम आज पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं विशिष्ट कन्या आवासीय विद्यालय गोविंदपुर के शाला प्रवेशोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री नेताम ने विद्यार्थियों को कहा कि वे नियमित स्कूल आएं और अच्छी पढ़ाई करते हुए बेहतर परिणाम लाकर अपने गांव, समाज, प्रदेश और देश के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाने का आधार है तथा शिक्षा से ही हम भविष्य गढ़ सकते हैं।

कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को यूनिफॉर्म और पाठ्य पुस्तक का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। साथ ही सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बेटियों को निःशुल्क साइकिल भी प्रदाय की गई। इस अवसर पर समस्त अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने न्योता भोजन में शामिल होकर भोजन किया। अंत में सभी अतिथियों द्वारा ÷एक पौधा मां के नाम÷ थीम पर वृक्षारोपण किया गया, इसमें फलदार, औषधियुक्त एवं छायादार पौधों का रोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव, उपाध्यक्ष श्री हेमनारायण गजबल्ला, श्री भरत मटियारा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री रामचरण कोर्राम जनपद सदस्य श्रीमती तारिणी ठाकुर पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मार्कोले, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक कुमार पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को

**कांकेर, 11 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 14 जुलाई दिन रविवार को प्रातः 10 से 12.15 बजे तक बी.एस.सी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा में जिले के लगभग 1664 परीक्षार्थी शामिल होंगे।कलेक्टर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 05 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिनमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा कांकेर, शासकीय पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर कांकेर, सेंट माईकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर 12 जुलाई को सिविल अस्पताल नगरी में

**धमतरी 11 जुलाई ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल नगरी में आगामी 12 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 03 बजे तक निःशुल्क कैंसर जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कैंसर के संभावित रोगियों की जांच कर उन्हें चिन्हित किया जाएगा, ताकि उनका समुचित उपचार किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू. कौशिक ने बताया कि कैंसर के लक्षण और संदेह होने पर विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क जांच किया जाएगा। इस शिविर में बालको कैंसर अस्पताल के डॉ. श्रवण नाडकर्णी (कैंसर रोग विशेषज्ञ) के द्वारा चिन्हांकित मरीजो का जांच एवं परमर्श प्रदान किया जाएगा।

# बंगलापारा वार्ड में जर्जर और गड्ढे से भरी सड़क पर गुजरना दुर्घटना को आमंत्रण





- सड़क पर गड्ढे या गड्ढे में सड़क पता नहीं चलता
- शासकीय राशन लेने वाले हितग्राही गड्ढे में गिरे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर,11 जुलाई।** नारायणपुर जिला मुख्यालय के नगर पालिका के बंगलापारा वार्ड में सड़क जर्जर और गड्ढे से भरा हुआ होने के कारण बारिश के दिनों में सड़क से गुजरने वाले राहगीरों , स्कूली बच्चों के साथ ही शासकीय राशन दुकान से राशन लेने आने वाले लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है कई बार गड्ढे के कारण दुर्घटना भी घट चुकी है बाउजुद इसके प्रशासन और नगर पालिका द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस मार्ग से डीएफओ आफिस के कर्मचारी , कन्या हाई स्कूल के छात्रा , प्राथमिक शाला के छात्रा छात्र के साथ ही विश्व दीप्ति स्कूल के सैकड़ों बच्चे रोजाना इस सड़क से गुजरते है जो इन गड्ढों के कारण परेशान रहते है । राशन लेने आने वालों लोगो का कहना है कि यहां से गुजरना काफी दयनीय है सड़क में गड्ढे और गड्ढे में सड़क पता ही चलता बारिश का पानी भरा होने के कारण गड्ढे में कई बार लोग गिर जाते है वही स्कूली बच्चों के साथ गुजरने वाले पालक भी परेशान है । वही शासकीय उचित मूल्य के राशन दुकान के संचालक अजय साहू का कहना है कि राशन दुकान के समाने ही बड़े बड़े गड्ढे है जिसमे बारिश का पानी भरा हुआ रहता है बड़ी वाहनों के गुजरने से पानी राशन लेने आए लोगो पर छिटकता है , राशन ले जाते समय गड्ढे में गिरने का भय भी बना रहता है शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो रही है ।

# आईटीबीपी की बैंड ने किया छात्रों के समक्ष प्रदर्शन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नारायणपुर,11 जुलाई।** माओवादी उन्मूलन अभियान में सक्रिय रूप से ऑप्स संचालित करने के साथ-साथ अपने सामाजिक सरोकार निभाते हुए 45वीं वाहिनी आई.टी.बी.पी. निरंतर सिविल जनता के हित के लिए सिविक एक्शन कैम्प, मेडिकल कैंप, युवाओं को रोजगार हेतु प्रशिक्षण, वेटेनरी कैम्प, रक्तदान शिविर, पौधारोपण कार्यक्रम व विघालय के छात्रों के कुशलता को बढ़ावा देने इत्यादि का आयोजन करती रही है।इसी कड़ी में दिनांक 10.07.2024 को 45वीं वाहिनी ने जवाहर नवोदय विघालय, सुपगाँव जिला-नारायणपुर एवं आदर्श कन्या माध्यमिक विधालय, गरांजी, जिला - नारायणपुर के छात्रों के समक्ष आई0टी0बी0पी0 केन्द्रीय सीमांत की पाईप बैंड टीम का प्रदर्शन कराया गया। बैंड टीम द्वारा राष्ट्रीय गान, मेरे देश की धरती, नन्हा मुन्ना राही हूँ, सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा इत्यादि गानों पर प्रदर्शन किया गया। विघालयों के छात्रों ने उत्सुकता के साथ इस अवसर का लाभ उठाया। आई0टी0बी0पी0 केन्द्रींय सीमांत की पाईप बैंड टीम द्वारा रामकृष्ण मिशन आश्रम के विद्यार्थियों को पिछले एक सप्ताह से लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर मौजूद जवाहर नवोदय विद्यालय, सुपगाँव के प्रधानाध्यापक श्री एस. के. मण्डल, आदर्श कन्या माध्यमिक विधालय, गरांजी के प्रधानाध्यापक राम लाल देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखन लाल धनेरिया, श्री महेन्द्र कुमार देहारी ए0डी0पी0ओ0 द्वारा उक्त कार्य हेतु आई0टी0बी0पी0 बैंड टीम की सराहना की एवं आई0टी0बी0पी0 का आभार व्यक्त किया।शैलेश कुमार जोशी, सेनानी, 45वीं वाहिनी के निर्देशानुसार छात्रों को बैंड कुशलता के बारे में बताया गया एवं पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में रूचि अनुसार दक्षता हेतु मोटिवेट किया गया। साथ ही भारत सरकार, राज्य सरकार द्वारा सिविल जनता के लाभान्वित हेतु संचालित किये जा रहे योजनाओं व आई0टी0बी0पी0 द्वारा युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु संचालित किये जा रहे शारीरिक प्रशिक्षण, लिखित परीक्षा की तैयारी व स्कूली छात्रों एवं छात्राओं को विभिन्न खेलों यथा तीरंदाजी, कराटे, कबडडी, एथीलिट इत्यादि की संचालित की जा रहे प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया गया एवं भविष्य में भी हर संभव मदद व इस प्रकार के कार्यक्रम करवाने हेतु आश्वासन दिया गया।

## एक पेड़ मां के नाम, कुरूद विधानसभा में किया गया वृहद पौधारोपण

**धमतरी 11 जुलाई ।** 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत आज दूसरे दिन कुरूद विधानसभा क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम गिरौद में आयोजित वृक्षारोपण महाभियान कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, जिला पंचयत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उपस्थितों ने विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। कलेक्टर ने कहा, 'यह अभियान न केवल पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मातृत्व के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का सुंदर तरीका भी है। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय समुदाय को भी वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूक किया ।

# जलजीवन मिशन एवं आवास योजना के कार्यों में प्रगति लाने कलेक्टर ने दिया जोर



**कांकेर, 11 जुलाई ।** कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के जर्जर स्कूल भवनों, आंगनबाड़ियों में कक्षाएं नहीं लगनी चाहिए। साथ ही जर्जर छात्रावासों के संचालन पर भी रोक लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अतिजर्जर स्कूल व आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत के लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि तहसील कार्यालय निर्धारित कार्यालयीन समय में खुला रहे और सभी स्टाफ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। साथ ही उन्होंने जीवनदीप समिति की नियमित बैठक आयोजन करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। कलेक्टर ने सभी उपस्थित अधिकारियों से कहा कि राज्य शासन द्वारा जिले के दूरस्थ अंचलों में अंतिम व्यक्ति तक शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ पहुंचाने निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने निर्देशित किया कि यदि दूरस्थ एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों में नए सड़क, पुल-पुलिया या अन्य अधोसंरचना विकास संबंधी कार्य, जो अतिआवश्यक हो, इसके लिए कार्ययोजना बनाएं। साथ ही यह भी कहा कि जिले के ऐसे युवा जो सेना एवं पुलिस भर्ती में भर्ती के लिए इच्छुक हैं, उन्हें पूर्व सैनिकों द्वारा निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए खेल अधिकारी को युवाओं को प्रशिक्षण प्रदाय करने आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जलजीवन मिशन, महतारी वंदन योजना, लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राथमिकता से तेजी लाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के कांकेर, नरहरपुर और चारामा विकासखण्ड में धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए 15 अगस्त से पूर्व लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश जनपद पंचायतों के सी.ई.ओ. को दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, राजीव युवा मितान क्लब के कार्यों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल ने नियद नेल्लानार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत जिले में प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वनमण्डाधिकारी श्री हेमचंद पहारे, अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, श्री बी.एस. उइके, श्री जितेन्द्र कुर्रे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## हॉस्पिटेलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण के लिए 12 तक आवेदन

**कांकेर, 11 जुलाई ।** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों के ÷हॉस्पिटेलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण÷ योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है। वर्ष 2024-25 के लिए हॉस्पिटेलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण में कैरियर की इच्छुक जिले के युवक-युवतियों से 12 जुलाई सायं 05 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है।आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप नियम तथा शर्तें विभाग की वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास अटल नगर नवा रायपुर में उपस्थित होकर या कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कांकेर में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रशिक्षण अंतर्गत कुल 100 छात्र-छात्राओं को लाभान्वित जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में अन्यत्र किसी नियमित पाठ्यक्रम अथवा नौकरी-व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी। प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण व्यय विभाग द्वारा वहन किया जाएगा तथा आवासीय प्रशिक्षण में छात्रावास एवं मेस की सुविधा भी निःशुल्क होगी। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षण देने वाली संस्था द्वारा प्लेसमेंट की प्रक्रिया से नौकरी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# एसडीएमए, एसडीओपी एवं थाना प्रभारी ने ग्राम भुरवाटोला में ली बैठक



**डोंगरगढ़,11 जुलाई।** अटल आवास भुरवाटोला वार्ड 20 स्थित डोंगरगढ़ में स्थित शासकीय भूमि को लेकर विगत दिनों से मोहल्ले वासियों के दो पक्षों के बीच में वाद. विवाद एवं धार्मिक तनाव का महौल बना हुआ था। जिस पर मोहल्ले वासियों के वाद. विवाद एव %धार्मिक तनाव को बढ़ते हुये देखकर बुधवार को खेमलाल वर्मा एसडीएम डोंगरगढ़ए आशिष कुंजाम एसडीओपी डोंगरगढ़ एवं निरीक्षक जितेंद्र वर्मा थाना प्रभारी डोंगरगढ़ द्वारा भुरवाटोला में शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में दो पक्षों के बीच शासकीय जमीन को लेकर उत्पन्न हुये विवाद के संबंध में आवश्यक चर्चा किया जिस पर बैठक में उपस्थित सभी लोगों के सर्वसम्मति से उक्त विवादित भूमि को नगर पालिका के सहयोग से सार्वजनिक उपयोग हेतु जैसे. खेल मैदानए ओपन जिम आदि उपयोग हेतु विकसित करने का निर्णय लिया गया एवं लोगों को आवश्यक दिशा. निर्देश देकर मोहल्ले में शांति व्यवस्था एवं धार्मिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की गई साथ ही शांति व्यवस्था एवं धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले व्यक्तियों पर शख्त कानुनी कार्यवाही करने की हिदायत दिया गया।

# खनिज अमला ने की अवैध रेत भण्डारण और उत्खनन पर कार्रवाई

**धमतरी 11 जुलाई ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। खनिज अधिकारी ने बताया कि बीते दिनों खनिज अमला द्वारा निरीक्षण के दौरान ग्राम कुंडेल में अवैध रेत भण्डारण में एक जेसीबी मशीन (टायर माउंटेड), ग्राम डाभा से अवैध रेत उत्खनन में एक जेसीबी चैन माउंटेड मशीन, ग्राम कोकड़ी से अवैध रेत भण्डारण में एक जेसीबी मशीन (टायर माउंटेड) तथा एक हाईवा, ग्राम देवपुर से अवैध रेत उत्खनन में 2 चैन माउंटेड मशीन जब्त किया गया।उन्होंने बताया कि सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 एवं खान तथा खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित् की जाएगी। खनिज अधिकारी ने यह भी बताया कि पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहनकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करना दण्डनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन, परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध इसी तरह का कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## कलेक्टर ने धमतरी को आकर्षक बनाने की जनप्रतिनिधियों से चर्चा

**धमतरी 11 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने बीते दिन मकई गार्डन परिसर में धमतरी शहर को और बेहतर ढंग से व्यवस्थित, सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं नगरनिगम के अधिकारियों से रू-ब-रू चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण में सभी जनप्रतिनिधियों को सहयोग करने, ऑडिटोरियम निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने, शहर के विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई, गार्डनों का सौंदर्यीकरण करने में अपनी सहभागिता देने की अपील की।

## 'जल शक्ति से नारी शक्ति' अंतर्गत जल संरक्षण एवं पौधारोपण जागरूकता कार्यक्रम



**बीजापुर,11 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जिले में 12 जुलाई 2024 को जिले के प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्रों में जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के साथ एक पेड़ मां के नाम से लगाये जाने हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया है इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढाओं अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नारी शक्ति के माध्यम से जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन करते हुए जनप्रतिनिधि/जनसमुदाय के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम से अनिवार्य रूप से रोपित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार द्वारा आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु मैदानी स्तर के सभी अमलो को अभियान अंतर्गत महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के महिलाओं, ग्राम की महिला समूहो, महिला मंडल, ग्राम स्तर की सभी महिलाओं एवं किशोरियों को शामिल करते हुए जल संरक्षण विषय अंतर्गत जल का महत्व साफ एवं सुरक्षित जल का उपयोग, जल के संरक्षण के सही उपाय, जल संग्रहण की उपयोगी तकनीकों की जानकारी, जल स्त्रोतो के आसपास की सफाई एवं स्वच्छता का महत्व, साफ सुथरा शौचालय का उपयोग साथ ही पैधा रोपण एक पेड़ मां के नाम से करते हुए जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया जाना है। उपस्थित महिलाओं को जल संरक्षण के संबंध में शपथ दिलाया जाना है, ताकि जल शक्ति से नारी शक्ति जल आंदोलन के रूप में जिला में क्रियान्वयन किया जा सके इस दौरान महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण एवं पोषण आहार के बारे में प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया जाना है। आंगनबाडी केन्द्रों में इसकी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिया गया हैं, आंगनबाडी केन्द्रों में पौधारोपण हेतु गड्ढा एवं पौधो की उपलब्धता हेतु आवश्यक तैयारी किया जा रहा है।

## पत्रकारों को सम्मानित किए जाने पर जिला पंचायत सदस्य बंसत ताटी ने बधाई दी



**भोपालपटनम, 11 जुलाई।** बीजापुर प्रेस क्लब द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र मे स्टोरी ऑफ द मंथ के पहले पड़ाव मे भोपालपटनम क्षेत्र के युवा एवं जुझारू पत्रकार इरशाद खान को सर्वोत्तम रेटिंग के आधार पर प्रथम एवं इसी तरह बस्तर की जमीनी हालात से जुड़ी दो कहानियाँ जिसमे गणेश मिश्रा को अबूझमाड़ तथा मुकेश चंद्राकर को जगरगुण्डा की स्टोरी पर दूसरा रेटिंग मिलने पर द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने सर्वश्रेष्ठ पत्रकारिता के क्षेत्र मे पुरस्कृत सभी पत्रकार साथियो को उन के उज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दी। ताटी ने कहा कि बीजापुर प्रेस क्लब द्वारा विषम परिस्थियों में कार्य करने वाले पत्रकारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई परम्परा की शुरुआत करते हुए लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है।

## उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 11 जुलाई ।** स्थानीय युवाओं को उद्यमिता विकास से जोड़कर उनके आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का अभिनव पहल करते हुए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा 10 दिवसीय उद्यमशीलता प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार के अवसर की पहचान करना, व्यवसाय की योजना बनाना और उसके विकास का प्रबंध करना है। जिससे जिले के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजन होंगे। ऐसे युवा भविष्य में नौकरी तलाशने वाले न होकर नौकरी देने वाले होंगे। विभिन्न स्वरोजगार के कार्य हेतु आवश्यक प्रक्रिया, ऋण सुविधा इत्यादि जिला प्रशासन द्वारा सुगमतापूर्वक मुहैया कराया जाएगा।बीजापुर जिले के ऐसे युवा जो स्वरोजगार के कार्य करने कि रूचि रखते हो ऐसे युवाओं को जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 40 युवाओं को 10 दिवसीय उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम में निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। यह प्रशिक्षण आरसेटी बीजापुर में सम्पन्न होगा, जिसमें 04 दिवसीय प्रशिक्षण नेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर माइक्रो स्मॉल एण्ड मिडियम इन्टरप्राइजेस हैदराबाद में सम्पन्न होगा।बीजापुर जिले के युवा जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं 10वीं उर्त्तीण हो, 40 युवाओं के प्रशिक्षण हेतु 50 प्रतिशत आवेदन जिले से आदिवासी वर्ग के युवा एवं शेष 50 प्रतिशत आवेदन जिले से अन्य वर्ग के युवा कर सकेंगे। आवेदन 20 जुलाई 2024 तक कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर कक्ष क्रमांक डी-19 में संपर्क कर सकते हैं अथवा अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नम्बर 9407641115 में संपर्क कर सकते हैं।

## मोहर्रम पर 17 को शुष्क दिवस घोषित

**बीजापुर 11 जुलाई ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-24 की उप-धारा (1) के तहत वर्ष 2024 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 17 जुलाई 2024 दिन बुधवार को मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है।जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल-7 सैनिक केंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।एसआईएस के द्वारा सुरक्षाकर्मी के लिए पंजीकृत शिविर का आयोजन

## सुरक्षा जवान, सुपरवाईजर एवं सीआईटी के पदों पर होगी भर्ती

**बीजापुर 11 जुलाई ।** भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के द्वारा एसआईएस लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में सुरक्षा कार्यों के लिए आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत स्थायी रोजगार देने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगार ईच्छुक युवाओं के लिए जिला बीजापुर अन्तर्गत जागरूकता एवं पंजीयन शिविर 15 जुलाई 2024 को थाना कोतवाली बीजापुर, 16 जुलाई को थाना मद्देड़, 17 जुलाई को थाना भोपालपटनम, 18 जुलाई को थाना आवापल्ली, 19 जुलाई थाना भैरमगढ़ एवं 20 जुलाई 2024 को थाना जांगला में शिविर का आयोजन किया गया है। भर्ती/पंजीयन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज शैक्षणिक योग्यता, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो 02 नग, की आवश्यकता होगी भर्ती से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, आयु, शारिरिक मापदंड एवं पदों की संख्या की जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को दी गई है। सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सीआईटी जैसे पदों पर भर्ती की जाएगी।

## एक नजर

### साहू समाज के युवा नेता दुलीकेशन साहू कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त



**राजिम, 11 जुलाई।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की भावी योजनाओं सामाजिक क्रियाकलापों एवं उद्देश्यों को कार्य रूप में पारित करने के लिए समिती के वरिष्ठ जनों एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू के अनुशंसा पर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिती के कार्यकारणी का विस्तार करते हुए समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने महासमुंद जिला साहू समाज के युवा नेता दुलीकेशन साहू को समाज के प्रति वचनबद्धता कर्मठता एवम जागरूकता को देखते हुए कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### कृषि मित्रों के माध्यम से किया जा रहा बीजोपचार



**रायगढ़, 11 जुलाई।** राज्य शासन के निर्देशानुसार बिहान योजना के तहत किसानों को हित में बीजोपचार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य कृषकों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है। जिससे किसानों के कृषि उत्पादन में वृद्धि होने के साथ ही आर्थिक विकास हो सके। जिले के जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत 20 कृषि मित्र द्वारा ग्रामीणों को उन्नत कृषि के उपाय अपनाने एवं उपचारित बीजों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। बिहान अंतर्गत सामुदायिक आधारित संवहनी कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत महिला किसान के घर में बीज उपचार किया जा रहा है। ताकि किसानों को उपचारित बीज के माध्यम से बेहतर फसल के साथ लाभ मिल सके। पुराने धान के बीजोपचार किया जा रहा है। साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देने एवं अधिक पैदावार को लेकर आवश्यक सुझाव दिए जा रहे हैं।

### 1200 वर्गमीटर से छोटी भूमि का बिना ले-आउट पास कराए भूखंड का विभाजन होगा अवैध

**रायगढ़, 11 जुलाई।** 1200 वर्गमीटर से छोटी भूमियों का अब बिना ले आउट पास कराए छोटे भूखंडों में विभाजन अवैध होगा। राज्य शासन की ओर से संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश ने इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सभी एसडीएम को पत्र जारी कर उक्त दिशा-निर्देशों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। नगर तथा ग्राम निवेश संचालनालय से कृषि भूमि का और गैर कृषि भिन्न प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन तथा पुनः निर्धारण प्रकरणों के संबंध में जारी निर्देश में उल्लेख है कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2012 की धारा 172 में हुए संशोधनों के अनुक्रम में कृषि भूमि के डायवर्सन एवं पुनर्निधारण के प्रकरणों के निराकरण किए जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, कतिपय नगरीय निकायों एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में प्रायः यह देखा जा रहा है कि ऐसे भूमि स्वामी जो 1200 वर्गमीटर से कम रकबा धारित करते है, उनके द्वारा राजस्व विभाग से भू-व्यपवर्तन कराया जाकर अपनी स्वामित्व की व्यपवर्तित भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर अन्य व्यक्तियों को विक्रय किया जा रहा है, जिससे उन क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग को बढ़ावा मिल रहा है, जो कि सुनियोजित नगरीय विकास में एक बहुत बड़ी बाधा है। अतः ऐसी स्थिति के निराकरण हेतु भू-व्यपवर्तन के ऐसे प्रकरण जिनमें आवेदित भूमि का कुल रकबा 1200 वर्गमीटर से कम है पर छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के अनुसार विकास की परिभाषा में कृषि को भूखण्ड किया जाना शामिल है।

### 39वां चक्रधर समारोहः आर्ट एवं डिजाइन समिति गठित

**रायगढ़, 11 जुलाई।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह 2024 के सफल आयोजन के लिए ब्रोशन, निमंत्रण पत्र, पोस्टर, बैनर एवं स्मृति चिन्ह के चयन एवं डिजाइनगिं कार्य आर्ट एवं डिजाइन समिति का गठन किया है।

गठित समिति में आयुक्त नगर पालिक निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह गठित समिति में डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री सौरभ कुमार, सीएससी मैनेजर श्री रवि सिंह, प्रो.अम्बिका वर्मा, श्री मनोज श्रीवास्तव, श्री नटवर सिंघानिया एवं श्री कमल किशोर शर्मा को सदस्य बनाये गये है।

# वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है : प्राचार्य

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 11 जुलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में एक पेड़ मां के नाम÷ के संदेश के साथ वृक्षारोपण किया गया.इस कार्यक्रम का शुभारंभ देमीन पीलाचंद मांडले सरपंच ग्राम पंचायत बिजली ने सीताफल पौधा लगाकर किया. तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा शाला परिसर में नारियल, पाम, आँवला, नींबू, गुलमोहर, बरगद, पीपल, कटहल, अमरुद एवं बादाम के पौधे लगाए गए. इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा की वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है .पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे.अगर समय रहते ही प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालों को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्रकृति को बचाने के लिए आम लोगों को प्रकृति की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए.पेड़ हमें जीवन के लिए ऑक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छाया प्रदान करती है.वहीं पेड़ पर्यावरण संरक्षण के साथ माँ की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा दिनेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि पेड़ पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण होते हैं.हमें पेड़ पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा व संरक्षण भी बहुत जरूरी है. उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना जरूरी है. इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि पीलाचंद मांडले,संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू,

## सरस्वती साइकिल योजना से बेटियों की शिक्षा आसान



रायगढ़, 11 जुलाई। राज्य सरकार बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही स्कूलों से उनकी दूरियां मिटाने का कार्य सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से कर रही है। जिससे आज बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं है। इससे बालिकाओं के शिक्षा में बाधा बनने वाली दूरियां तो दूर हुई है, साथ ही बालिकाओं के स्कूल छोड़ने की दर में भी कमी आई है। योजनान्तर्गत शासकीय स्कूलों में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से निःशुल्क साइकिल वितरण की जाती है।

जिसका मुख्य उद्देश्य दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा के साथ ही परिवहन सुविधा उपलब्ध करना है। इसी क्रम में हेमसुंदर गुप्त शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, महापल्ली में कक्षा 9 वीं के 55 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। प्राचार्य जे.सुजाता राव ने कहा कि योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में छात्राओं को लाभ मिल रहा है। इससे दूर-दराज से स्कूल आने वाली छात्राओं को अब काफी सहूलियत हो रही है। इससे पढ़ाई-लिखाई में कोई परेशानी नहीं होगी और छात्राओं के शैक्षणिक विकास में बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर श्री सुकलाल चौहान, पत्रकार श्री शेष चरण गुप्त उपस्थित रहे।कोटमार की कु.वर्षा राठिया ने कहा कि स्कूल जाने के लिए प्रतिदिन सहायता की जरूरत पड़ती थी, लेकिन अब स्वयं का साइकिल होने से स्कूल आने में आसानी होगी। ग्राम-कुकुर्दा की कु.सुनैना निषाद ने कहा कि उनके गांव कुकुर्दा से स्कूल की दूरी की वजह से स्कूल पहुंचने में काफी समय लग जाता था। लेकिन अब साइकल मिलने से समय की बचत होगी, जिसका उपयोग मैं अपनी पढ़ाई में लगाऊंगी।

# आवासीय पट्टा की मांग को लेकर एसडीएम का घेराव



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 11 जुलाई।** बुधवार को सुबह 10ः00 बजे शहर के विभिन्न वार्डों के सैकड़ो नगरवासी आवासीय पट्टा की मांग को लेकर पूर्व निर्धारित समय के अनुसार सबसे पहले विधायक रोहित साहू के निवास पर पहुंचे। लेकिन विधायक से राजधानी रायपुर जाने के कारण मुलाकात नहीं हो पाई, पश्चात सीधे एसडीएम कार्यालय पहुंचे। वहां प्रशासन के द्वारा पुलिस बल की व्यवस्था थी। संख्या बढ़ने के अंदेशा से स्टॉपर लगाए गए थे। इनमें सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की थी इन्होंने एसडीएम अर्पिता पाठक को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सोपा और आवासीय भूमि पर पट्टा की मांग करने लगे। इतने पर इन्होंने 15 दिवस के अंतर्गत कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। हालांकि आश्वासन पाकर लोग वापस तो हो गए। इनमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत राजिम के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू, पार्षद ओम प्रकाश आडिल, राकेश मंड्रे नरेंद्र देवगन रवि देवांगन, राजेंद्र निषाद, रज्जू साहू, महेश वर्मा, कमलेश यादव, यशवंत यादव, गौतम निषाद, संजय निषाद, चंपालाल साहू, ठाकुर राम साहू, भूपेंद्र यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 12 और 13 के वार्ड वासी मंगलवार को पट्टा नहीं तो वोट नहीं की बात को लेकर लामबंद हो गए थे। इन्होंने चुनाव बहिष्कार का ऐलान भी कर दिया है। इन दोनों वार्ड के प्रत्येक आवासीय घरों पर पट्टा नहीं तो वोट नहीं स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है। शाम 5ः00 बजे चौराहे पर एकत्रित हो गए और हाथ उठाकर नारेबाजी करने लगे। आवाज सुनकर पत्रकार पहुंचे तब इन्होंने बताया कि यदि हमारी मांग पूरी नहीं होती है तो हम चुनाव का बहिष्कार करेंगे और बुधवार को तहसील, एसडीएम और विधायक के पास पहुंचेंगे जिसके तहत इन्होंने आज घेराव किया था। वार्ड क्रमांक 14 और 15 के साथ ही नगर के अनेक लोग उपस्थित थे। इन्होंने बताया कि विगत 50-60 साल से आवासीय जमीन पर मकान बनाकर रह रहे हैं और पट्टा की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक हमारी मांग पूरी नहीं हुई है इस बार हम सड़क की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

## पतोरा निवासी रूपेश बाई एवं कैलाश को अनुकंपा नियुक्ति





**राजिम 11 जुलाई।** जिला प्रशासन की त्वरित एवं संवेदनशील पहल से श्रीमती रूपेश एवं श्री कैलाश को अनुकंपा नियुक्ति मिल गई है। आज कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने श्रीमती रूपेश एवं कैलाश को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए दोनों को निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मिलने से रूपेश एवं कैलाश ने खुशी जताते हुए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। श्रीमती रूपेश एवं कैलाश को भृत्य पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है।दरअसल फिंगेश्वर के ग्राम पतोरा की निवासी श्रीमती रूपेश के पति जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भृत्य के पद पर पदस्थ थे। उनका निधन दिसंबर 2023 में पीलिया बीमारी के कारण हो गया था। उनके निधन से घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। पति के निधन के बाद श्रीमती रूपेश ने डीईओ कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। कलेक्टर के निर्देशानुसार आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया। नौकरी मिल जाने से रूपेश को आर्थिक संबल और परिवार के पालन पोषण में सहायता मिलेगी। इसी प्रकार देवभोग के सुकलीभांठा के निवासी कैलाश के पिताजी दावरीभांठा के प्राइमरी स्कूल में हेडमास्टर के पद पर पदस्थ थे। उनके निधन के पश्चात कैलाश को बीईओ ऑफिस देवभोग में भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। कैलाश ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि नौकरी मिल जाने से परिवार के पालन पोषण में आसानी होगी।

## आदिवासियों का भरोसा जीतने के बजाय उन्हें ही निशाना बनाया जा रहा: जग्गूराम तेलामी



**बीजापुर, 11 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के उसूर ब्लाक के नड़पल्ली गांव के 95 लोगों को सुरक्षा बलों द्वारा जबरन अपने कैंप लाए जाने और पिटाई किए जाने का मामला तुल पकड़ता जा रहा है।बुधवार को सर्व आदिवासी समाज द्वारा गठित दल जग्गूराम तेलामी के नेतृत्व में नड़पल्ली के ग्रामीणों से मुलाकात कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा रिपोर्ट तैयार कर समाज के संभागीय नेतृत्व को सौंपेगा।सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि नड़पल्ली गांव कुल 120 मकान हैं जिसमें से 95 लोगों को नक्सली बता कर सुरक्षा बलों ने 5 जुलाई की सुबह 4 बजे घर से जबरदस्ती उठा कर कैंप लाया था। जब परिजन कैप पहुंचे तो उन्हें पिछ्ले दरवाजे से निकाल कहीं और पहुंचा दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक पकड़े गए लोगों में अब तक 72 लोगों को पिटाई कर छोड़ा गया है जबकि 1× लोग अभी भी पुलिस हिरासत में हैं। इन 1× लोगों में 5 ऐसे लोग भी हैं जो नक्सल मामले में जेल से रिहा किए जा चुके थे। करीब 15 दिन पहले टोरा बिनने के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए आईईडी के चपेट में आने से दोनों पैर गंवा चुकी बुजुर्ग महिला के बेटा को भी सुरक्षा बलों ने नही छोड़ा उसे भी हिरासत में रखा गया है।घटना का पूरा विवरण सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर को सौंपा जाएगा। जग्गूराम तेलामी ने कहा कि यह दुर्भाग्य पूर्ण है कि आदिवासी सीएम वाले रा'य में आदिवासियों पर अत्याचार के मामले बढ़ रहे हैं। जिले के अन्य इलाकों से ग्रामीणों को नक्सलियों के नाम पर पकड़ने की सूचना मिलती रही है पर यह पहली घटना है जब 120 घरों वाले गांव के 95 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। सरकार और आदिवासियों के बीच दूरी और अविश्वास की भावना बढ़ती जा रही है। जिले के सीमावर्ती और अंदरूनी गांव से लोग पड़ोसी रा'य में पलायन पर मजबूर हो रहे हैं। आदिवासियों का भरोसा जीतने के बजाय आदिवासियों को निशाना बनाया जा रहा है। सरकार यहां के जनजातीय समुदाय के साथ समन्वय और संवाद स्थापित कर विश्वास में लेकर विकास कार्यों को बढ़ाए न कि आदिवासियों को जेल भेज करे।

# रामलला दर्शन योजना के लिए जिले का दूसरा जत्था रवाना, 103 दर्शनार्थी शामिल



रायगढ़, 11 जुलाई। रामलला दर्शन योजना के तहत जिले से रवाना होने वाले दूसरे जत्था 10 जुलाई को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से रवाना हुआ। इस बार जिले से 100 दर्शनार्थी और 3 सहयोगियों सहित कुल 103 लोगों का दल अयोध्या दर्शन के लिए जा रहा। 103 लोगों में से 76 यात्री ग्रामीण क्षेत्रों से है वहीं 27 यात्री शहरी क्षेत्रों के हैं। प्रशासन की ओर से 2 सहयोगी यात्रियों के सहयोग और यात्रा के दौरान समन्वय बनाने के लिए साथ जायेंगे। वहीं 1 चिकित्सीय स्टाफ भी साथ रहेगा। दर्शन के पश्चात 13 जुलाई को दर्शनार्थियों का यह जत्था वापस लौटेगा।

खरसिया निवासी श्रीमती लक्ष्मी यादव एवं उनके पति श्री केशव यादव आज रामलला दर्शन के लिए रायगढ़ से रवाना हुए। उन्होंने कहा कि हम कभी सोचे नहीं थे कि श्री रामलला दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। जब से अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई तब से मन में रह-रहकर एक ही बात का ख्याल आता था कि हमें भी प्रभु श्री राम का बुलावा आता और हम भी पति-पत्नी उनके दर्शन कर लेते। आज वह बुलावा आ गया है और हम दर्शन के लिए जा रहे हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का बहुत आभार है। इसी तरह पुरानी बस्ती खरसिया के श्री चित्रभान सिंह राठौर भी श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए है। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज मेरे लिए बड़े ही सौभाग्य का पल है कि मैं प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहा हूं। कोकड़ीतराई किरोड़ीमल की ननकीदाई ने कहा कि प्रभु श्री राम के दर्शन हेतु सपना तो देखे थे लेकिन कभी पूरा होगा यह नहीं सोचा था। लेकिन आज शासन की श्री रामलला दर्शन योजना से हमारा यह सपना पूरा होने जा रहा है। श्री हेमलाल विश्वकर्मा अपनी माता श्रीमती आसमती विश्वकर्मा को प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुझे आज श्रवण कुमार जैसा महसूस हो रहा है कि मैं अपने मां को श्री रामलला दर्शन के लिए लेकर जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस दिव्य क्षण की बरसों से प्रतीक्षा कर रहे थे और यह इंतजार आज पूरा हुआ। सभी तीर्थयात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की बहुत अच्छी योजना है। उन्होंने कहा कि सभी तीर्थयात्री श्री रामलला से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। सभी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

### सूरजगढ़ पुल के लिए पथकर है निर्धारित, तय शुल्क ही दें वाहन चालक



**रायगढ़, 11 जुलाई।** जिला रायगढ़ अंतर्गत सूरजगढ़ नदीगांव मार्ग के कि.मी.1/2 महानदी पुल पर पथकर वसूली हेतु शासन द्वारा दर निर्धारित किया गया है। वाहन मालिक निर्धारित दर पर ही टेक्स जमा कर भुगतान की रसीद प्राप्त करें। पथकर वसूली का दर स्थल पर बोर्ड में भी चस्पा किया गया है।

लोक निर्माण विभाग (भ/स)उप संभाग रायगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी श्री एम.एस. नायक ने बताया कि वाहन मालिकों एवं वाहन चालकों से दूरभाष पर शिकायत मिल रही थी कि अनुबंधक द्वारा पथकर वसूली की दर से अधिक राशि की मांग की जा रही है। उक्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए 24 मई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए अनुबंधक मां शारदा क्रसर उद्योग माईंस (प्रो.श्री विमला सिंह ठाकुर)नर्मदा नगर बिलासपुर को अनुबंधित किया गया है। उक्त पुल पर टॉल टेक्स वसूली हेतु शासन द्वारा दर निर्धारित किया गया है। वाहन मालिक निर्धारित दर पर टेक्स जमा करें।

**वाहनों के लिए निर्धारित दर** -प्राईवेट कार, जीप एवं पिकअप के लिए प्रति वाहन 20 रुपये निर्धारित है। इसी प्रकार टेम्पो, टेक्सी, मिनी बस, मेटाडोर भरा खाली या उसके समकक्ष वाहन के लिए प्रति वाहन 40 रुपये, खाली ट्रक, बस भरी/खाली प्रति वाहन 60 रुपये, मल्टी एक्सल ट्रक एवं टेलर प्रति वाहन 100 रुपये तथा अर्थ मूव्हींग मशीन रोज (प्रति टन)12 रुपये प्रति वाहन निर्धारित किया गया है।

## विधायक विक्रम मंडावी ने किया ग्राम धनगोल का दौरा, ग्रामीणों ने रखी पुलिया बनाने की मांग



**बीजापुर, 11 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत दिनों सोशल मीडिया में भोपालपटनम के ग्राम धनगोल में ग्रामीणों द्वारा ताड वृक्षों से पुलिया बनाने का मामला वायरल हो रहा था जिसे संज्ञान में लेकर बुधवार को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी भोपालपटनम के धनगोल गांव के दौरे पर रहे और विधायक विक्रम मंडावी ने ग्रामीणों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याओं को सुना इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी से गांव में एक पुलिया निर्माण किए जाने की मांग रखी जिसे विधायक विक्रम मंडावी ने ग्राम धनगोल में पुलिया किए जाने को लेकर जिले के अधिकारियों से फ़ोन पर चर्चा की और प्रशासन से जलद से जल्द पुलिया निर्माण के कार्य को प्रारंभ करने की अपील की है। इस पुलिया के बनने से धनगोल गांव के आसपास के लोगों को आने जाने में सुविधा होगी।

## एक पेड़ मां के नाम अन्तर्गत स्कूलों में व्यापक पौधारोपण

**बीजापुर, 11 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किया है।प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के आह्वान पर बीजापुर जिले में भी व्यापक रूप से एक पेड़ मां के नाम के तहत 07 जुलाई 2024 को भारत स्काऊट एंव गाईड के छात्र-छात्राओ द्वारा वृहद रूप से वृक्षा रोपण का कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्कूल मे किया गया जिसमे काजू, आवलां, नीबू, सीताफल, अशोक, मुनगा, आदि प्रकार के पौधों का रोपण किया गया एंव सभी वृक्षो को जीवित रखने की शपथ ली गई।



# डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिए लगातार किया जा रहा सोर्स रिडक्शन एवं लार्वा सर्वे



**रायगढ़, 11 जुलाई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चन्द्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत रायगढ़ के शहरी क्षेत्रों के समस्त वार्डों में डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु सोर्स रिडक्शन एवं लार्वा सर्वे का कार्य निरंतर किया जा रहा है। बरसात के समय कुछ-कुछ जगहों पर पानी का ठहराव रहता है जिसके कारण कुछ क्षेत्रों में लार्वा पाये जाने की संभावना बढ़ जाती है ऐसे जगहों में सर्वे करके स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लार्वा नाशक टेमिफॉस डाला जा रहा है। वर्तमान में डेंगू के छूटपुट केस रिपोर्टिंग हो रहे है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है कि ताकि नियंत्रण एवं रोकथाम की स्थिति बनी रहे। जिला स्तर से अधिकारियों द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। नगर निगम के सहयोग से प्रभावित क्षेत्रों में टेमिफॉस का छिडकाव करवाया जा रहा है। लार्वा नाशक दवाई टेमिफॉस सभी मितानिनों के पास उपलब्ध कराया गया है साथ ही साथ स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा लोगों को समझाईश भी दी जा रही है कि बुखार आने पर या डेंगू के किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं या स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संपर्क करें या फिर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं में डेंगू का टेस्ट एवं इलाज करायें। जिला नोडल अधिकारी डॉ.टी.जी. कुलवेदी द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि सभी स्त्रोतों जैसे-गमले, कुलर, फ्रिज के पीछे का ट्रेक टायरों में भरा पानी, मटके व अन्य स्त्रोतों को अनिवार्य रूप से खाली करें एवं अपने घरों के आस-पास पानी जमा न होने दें ताकि डेंगू मच्छर को पनपने से रोका जा सके। रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। मच्छरों से बचने के लिए नीम का धुआं, मच्छर अगरबत्ती, ओडोमास आदि का उपयोग करें। हमेशा फूल आसतीन के कपड़े पहने। जनसामान्य जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें ताकि रायगढ़ जिले को डेंगू मुक्त किया जा सके।

# नपं के मूत्रालय में लगा ताला, लोग खुले में जाने को मजबूर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 11 जुलाई।** नगर पंचायत चारामा के कोरर चैक में मुत्रालय नही होने से लागों को परेशानियों का सामना करना पडता था। इस चैक में ही नगर पंचायत का व्यावसायिक काम्पलेक्स स्थित है तथा इसी चैक में कोरर जाने वाली सवारी वाहनों को भी सवारी चढ़ाने-उतारने के लिए रोका जाता है तथा इसी चैंक में सामुदायिक भवन भी स्थित है जिसके कारण इस चैक में दिनभर लोगों का आना-जाना होता है और लोगों की भीड़ लगी रहती है इसलिए इस चैक में लोग वर्षो से मुत्रालय की मांग कर रहे थे। अब जब कोरर चैक में सामुदायिक भवन के पीछे मुत्रालय का निर्माण कार्य पूण हो गया है तब इसे आम जनता के लिए खोलने के बजाए ताला लगाकर रखा गया है। ऐसा लगता है कि मुत्रालय फीता काटने किसी नेता का इंतजार कर रहा है कि नेताजी आयेगें और मुत्रालय का शुभारंभ करेंगे। कोरर चैक में मुत्रालय नही होने के कारण पुरूषों को परेशानी तो होती ही है लेकिन उससे भी कहीं ज्यादा परेशानियों का सामना महिलाओं को करना पडता है। उल्लेखनीय है कि इसी कोरर रोड में ही क्षेत्र की लोकप्रिय महिला विधायक का भी निवास है और उनका रोज इसी जगह से होकर आना-जाना भी होता है लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इस चैक में मुत्रालय को लेकर खासकर महिलाओं को होने वाली समस्याओं की ओर उनका ध्यान नही गया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यदि अगले दो चार दिनों में मुत्रालय का ताला नही खोला गया तब लोगों ने विधायक से मिलकर मुत्रालय को जल्द से जल्द शुरू कराने के लिए आवेदन देने की बात कही है।

## समाचार संक्षेप

### टमाटर से भरा ट्रक पलटा, यातायात प्रभावित



**तिल्दा-नेवरा, 11 जुलाई (तरुण छ त्ती स ग ढ़ संवाददाता)।** 10 जुलाई को सूचना मिली कि ग्राम रवान एवं अर्जुनी के मध्य सब्जी टमाटर भरे एक ट्रक मां कर्मा ट्रांसपोर्ट केए-67-0240 एवं हाईवा वाहन क्र. सीजी-04-एमएस-6680 के मध्य एक्सीडेंट हो गया है। घटना में हाईवा वाहन में बैठे दो लोगों को चोंटे आई हैं, जिन्हें उचित उपचार हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया है। एक्सीडेंट की सूचना पाकर तुरंत थाना सिटी कोतवाली एवं भाटापारा ग्रामीण का पुलिस पेट्रोलिंग बल मौके पर पहुंचा तथा दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क मार्ग से अलग किया गया है। वर्तमान में सड़क मार्ग में आवागमन सुचारू रूप से चालू है।

### कलेक्टर के निर्देशन पर उद्यानिकी विभाग और जनपद पंचायत के संयुक्त प्रयास से रानीपरतेवा में पौधारोपण



**छुरा, 11 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर गरियाबंद एवम सीईओ जिला पंचायत के निर्देशन में विकास खंड स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम ग्राम पंचायत रानीपरतेवा में रखा गया उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत कृषि सभापति प्रह्लाद यदु के करकमलों से किया गया और जिला स्तर के अधिकारी एलेन मिंज श्रम अधिकारी उषा ध्रुव सहायक पंजीयक, आलोक वशिष्ठ सहायक संचालक मत्स्य, एस के वर्मन कार्यपालन अभियंता, खेलन सिंह नायक ष्ठस्ष्ट, रविंद्र ठाकुर जिला परिवहन अधिकारी, महेश पैकरा सहायक संचालक कृषि, सरपंच केशरी ध्रुव, जनपद सीईओ आर के ध्रुव, उद्यान अधीक्षक सुनील कुमार, कार्यक्रम अधिकारी नरेगा कपिल नायक, सुभाष निर्मलकर बीपीएम कौशल साहू प्रक्षेत्र सहायक, पंचगण तथा वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। इस वृक्षारोपण में 350 फलदार पौधों का रोपण किया गया जो भविष्य में ग्रामवासियों को फल और ऑक्सीजन प्रदान करके में मददगार साबित होगा।

## एक नजर

### मानपुर स्कूल में किया गया नेवता भोज व पौधारोपण का आयोजन



**तिल्दा-नेवरा, 11 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक शाला मानपुर (परसदा) में विजय ठाकुर के द्वारा अपने सुपुत्र आराध्य सिंह के जन्मदिन के अवसर पर नेवता भोज प्रथमिक शाला मानपुर में कराया गया जिसमें मुख्य रूप से प्राथमिक शाला परसदा के प्रधानपाठक रमेश वर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष तिल्दा ग्रामीण विजय ठाकुर, शहर मंडल महामंत्री सौरभ जैन, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, भाजपा बूथ अध्यक्ष भरत वर्मा, जनपद सदस्य मीना मनोज मरकाम उपस्थित रहे। अतिथियों के उपस्थिति में शाला प्रवेषउत्सव मनाया गया साथ ही बच्चों को अतिथियों ने खाना परोश कर स्नेह प्रकट किया। आयोजन के उप्लक्षय में वृक्षारोपण किया गया साथ ही बच्चों के द्वारा एक पेड़ मेरी माँ के नाम के तहत एक एक पेड़ बच्चों के द्वारा गोद लिया गया। कार्यक्रम समापन मानपुर स्कूल के प्रधानपाठक के द्वारा अतिथियों तथा ग्रामीणों का आभार व्यक्त कर किया गया। ग्रामीणों में रामखिलावन साहू, बसंत साहू, जितेंद्र सोनवानी, डिगेश्वर ध्रुव, पार्वती यादव, सुर्जवती विश्वकर्मा, लाल सोनवानी डागेश्वर वर्मा आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### छापे में 270 लीटर कच्ची महुआ शराब व 65 किलो लहान जब्त

**बलौदाबाजार, 11 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुखबिर से सूचना मिली थी कि अवैध महुआ शराब बनाकर बिक्री करने में कुख्यात ग्राम खैरी में एक शराब कोचिया द्वारा भारी मात्रा में महुआ शराब का निर्माण कर नाला किनारे खेतों मे गड्ढा खोदकर डंप करके रखा गया है। कि सूचना पर 10 जुलाई को सुबह राजेश श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, निरीक्षक शशांक सिंह थाना प्रभारी एवं थाना पलारी से पुलिस बल के साथ आबकारी विभाग से उपनिरी मनराखन नेताम की टीम द्वारा ठोस रणनीति बनाकर, सुनियोजित तरीके से ग्राम खैरी में खेत के पास नाला किनारे छापा मारा गया। इस दौरान मौके पर आरोपी दिलीप को अवैध महुआ शराब का निर्माण करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण एरिया का बहुत ही बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा खेत में गड्ढा खोदकर महुआ शराब को बोरी के अंदर झिल्ली में पैकिंग कर डंप किया गया था। आरोपी से कुल 270 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य 56,000 है। कार्यवाही में महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल 02 गैस चूल्हा, 02 गैस सिलेंडर, 17 एल्युमिनियम का भगोना (बांगा) भी बरामद करने में सफलता मिली है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा मौके से महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल 65 किलोग्राम वजनी महुआ पास (लहान) भी बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही नस्टीकरण कर दिया गया। थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण कार्यवाही में एक शराब कोचिया को गिरफ्तार करते हुए ग्राम खैरी में नाला किनारे खेतों में चल रहे अवैध महुआ शराब बनाने की एक लघु फैक्ट्री को सफ्लतापूर्वक ध्वस्त किया गया है। इसके पूर्व में भी 30 जुलाई को ग्राम खैरी में ही छापा मार कर दो शराब कोचियों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में महुआ शराब एवं महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल गैस चूल्हा, बर्तन आदि बरामद किया गया था।

## कलेक्टर ने सरपंच-सचिव व जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# ग्राम विकास में सरपंच और सचिव की अहम भूमिका : दीपक सोनी

### विकास को गति देने के साथ ही स्थायी परिसंपत्ति निर्माण पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 11 जुलाई।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम गुरु घासीदास शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कसडोल में सरपंच एवं सचिवों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सरपंच व सचिव का ग्राम विकास में अहम भूमिका बताते हुए विकास के दोनो मजबूत पाहियों को संतुलन बनाकर गति देने कहा।

कलेक्टर ने कहा कि अधोसंरचना निर्माण के साथ ही साथ स्थायी परिसम्पत्ति के निर्माण को प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि अधिक से अधिक डबरी निर्माण, खेल मैदान तथा सभी ग्राम पंचायतो में अमृत सरोवर का निर्माण कराएं। उन्होने महिला समूहों को जागरुक और सक्रिय कर आजीविकामूलक कार्य शुरू करने कहा। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बल्दाकछार और औरई ग्राम में विशेष पिछडी जनजाति के लोगों को पीएम आवास सहित सभी योजनाओं से शतप्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण प्रगति की समीक्षा करते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होने छत ढलाई के लिए पर्याप्त मात्रा में सेटरिंग प्लेट की उपलब्धता के लिए पंचयतों को खरीदी करने एवं किराये पर हितग्राहियो को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतो में शांति और भाईचारे के साथ विकास कार्यो को गति देना है। किसी प्रकार की अवैधानिक कृत्य या रणनीति के समबंध में जानकारी मिलने पर तत्काल उच्च अधिकारी को या जिला कंट्रोल रूम नंबर 9479190629 पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।सरपंच सचिव विवाद या अन्य अवैधानिक गतिविधियों पर नजर रखें। अपने पंचायत को विवाद मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का पूरा प्रयास करें। इसके लिए जिला प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा।

#### नगरीय निकाय एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

नगर पंचायत कार्यालय कसडोल के सभाकक्ष में नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास कार्यो एवं समस्याओ के निराकरण के सम्बन्ध में गहन चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं भाईचारा स्थापित करते हुए विकास कार्यो को अमलीजामा पहनाने की अपील जनप्रतिनिधियों से की।कलेक्टर ने नगर पंचायत एवं जनपद क्षेत्र में विकास कार्यो की जानकारी ली। नगर पंचायत कसडोल में कन्या महाविद्यालय के सामने निर्माणधीन गार्डन के कार्य बंद होने पर समाबंधित ठेकेदार पर कार्यवाही करने तथा शेष कार्यो को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश सीएमओ को दिए। जल आवर्धन योजनाओं के तहत नगर में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु पम्प चलाने लगातार विद्युत आपूर्ति के लिए इन्वर्टर खरीदने प्रस्ताव तैयार करने कहा। इसीतरह मिनीमाता स्कूल में जलभराव की समस्या निराकरण के लिए परिषद में प्रस्ताव रखने तथा बलार रोड व सिरपुर रोड में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए परिषद में दोबारा प्रस्ताव रखने कहा। बिजली की समस्या जिसमें कटौती व लो वोल्टेज की समस्या समाधान के लिए बिलाईगढ़ में निर्माणाधीन 132 के वी के सब-स्टेशन को तेजी से पूरा कराने के निर्देश सीएसपीडीसीएल के इंजीनियर को दिए। उन्होंने कार्यपालन अभियंता को अपने मुख्यालय में ही रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीलू चंदन साहु, सभापति विनोद बंजारे, जनपद अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा जिला पंचायत सदस्य शेख अलीमुद्दीन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडएम भूपेंद्र अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# धूमधाम से निकली महाप्रभु की रथयात्रा

### रथ खींचने आगे आए बच्चे-बूढ़े, नौजवान और महिलाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 11 जुलाई।** देश भर में मनाए गये रथयात्रा उत्सव की तरह नगर में भी महाप्रभु भगवान जगन्नाथ भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई इस वर्ष रौनक दुगुना रहा क्योंकि रथयात्रा के आगे आगे उड़ीसा से आई नर्तक मंडली सुन्दर भगवान के भजन और मांदर की थाप के साथ नृत्य करते चल रही थी साथ ही रथयात्रा में आरंग से आए बजरंगबली की 8-10 फीट ऊंची जीवंत कटाउट गदा लेकर चल रहे थे जिसके साथ सेल्फी लेने बड़े बूढ़े नौजवान बच्चे व महिलाएं आते रहे।

दोपहर बाद मानस मंदिर में विराजित मूर्तियों की पुजारी एवं मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना कर रथारुढ़ कराया गया राजा यशपेन्द्र शाह द्वारा रथ की पूजा की गई साथ ही छेड़ा पोरी की रस्म निभाई गई पश्चात बच्चे बूढ़े जवान महिलाओं ने उत्साह के साथ बड़ी संख्या में आगे आकर रथ खींचकर पुण्य लाभ लिया।

नगर भक्तजनों के हरिबोल नारों से गुंजायमान रहा रथयात्रा पूर्व निर्धारित मार्ग मानस मंदिर से बस स्टैण्ड बजरंग चौक शिवचौक मस्जिद रोड से ठाकुर दिया चौक मामुली पारा बड़े महल सदर रोड छोटे महल पश्चात गायत्री मंदिर में विश्राम हुआ नगर में जिस मार्ग पर भगवान के रथ गुजरे भक्तों ने घर से निकलकर सपरिवार पूजा अर्चना किये प्रणाम कर आशीर्वाद एवं चने मूंग का प्रसाद ग्रहण किए।

इस बार रथयात्रा में पटाखे आतिशबाजी भी देखने मिला। रथयात्रा में प्रमुख रुप से ओंकार शाह पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष मंदिर समिति, बजरंग पांडे, यज्ञेश पांडेय भोला पांडेय भिषेक पांडेय शीतल ध्रुव, मिथलेश सिन्हा, दुर्गेश अर्पण सेन, मेशनंदन पांडेय, गोपाल सोनी, निखिल साहू, नरेन्द्र पटेल, मीतेश दीक्षित, शैलेन्द्र दीक्षित, अखिल चौबे, अजय चंद्राकर, ललित राठौर, नीरज नायक, तुषार चंद्राकर, ललित कुमार वर्मा, मनहरण पटेल, हीरालाल साहू, पोषण वर्मा, ओमप्रकाश यादव, रामकुमार साहू, केशव प्रसाद साहू, कैलाश पटेल, पुखराज ठाकुर, चुन्नी सोनी, सागर निर्मलकर, देवनारायण यदु, ललित साहू, सुधा शर्मा, ईश्वर सिन्हा यश सिन्हा, वरुण सोनी, किशन सोनी, राहुल सिन्हा, भोलेशंकर जायसवाल, महिला मानस मंडलियों के सदस्यगण, गणेशू साहू, सुभाष ठाकुर, सेउक समाज के सदस्यगण बड़ी संख्या में चल रहे थे।

### बलौदाबाजार -भाटापारा में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का शुभारंभ

**बलौदाबाजार, 11 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि की असंदी से कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए न्यायमूर्ति चौरड़िया ने कहा कि जिला मुख्यालय में उपभोक्ता आयोग की शुरुआत होने से उपभोक्ता अधिकार प्राप्ति में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को उपभोक्ता कानून की जानकारी के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इसके साथ ही शीघ्र न्याय देने की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश राकेश बिहारी घोरे ने कहा कि जिले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का कार्यालय खुलना गर्व की बात है। जिले के लोग उपभोक्ता विधि के बारे में जानेंगे एवं जागरूक होंगे।

## जल संरक्षण के लिए 'हाथ मिलाएं' थीम पर हितग्राहियों को प्रशिक्षित कर जल संरक्षण के महत्व को समझाया

# जल संरक्षण को बढ़ावा देने ग्रामीणों को किया जा रहा है जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 11 जुलाई।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जल संरक्षण के लिए हाथ मिलाएं थीम जल जीवन मिशन के हितग्राहियों को प्रशिक्षित कर जल संरक्षण के महत्व के बारे में टीम द्वारा समझाया जा रहा है। जिसमें- जल की बर्बादी कम कैसे करें, कुशल उपयोग को बढ़ावा देंना, जल- बचत पहलों का समर्थन करना शामिल है। ईई मनोज ठाकुर के कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान परिदृश्य में जलवायु परिवर्तन और जल की कमी की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं.जल संरक्षण केवल एक आवश्यकता नहीं बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अभी से कार्य करना चाहिए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कोऑर्डिनेटर राजकुमार कोसले ने बताया आज ग्राम केशला (कौवाडीह) में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अपने घरों के टॉयलेट में लीक की जांच करना अपने टॉयलेट टैंक में फूड कलरिंग की कुछ बूँदें डालें। अगर, बिना फ्लश किए, रंग बाउल में दिखने लगे, तो आपके टॉयलेट में रिसाव है, जिससे एक दिन में कई गैलन पानी बर्बाद हो सकता है।

अपने टॉयलेट में ऐशट्रे या कूड़ेदान के रूप में उपयोग करना बंद करें फ्लश किए गए प्रत्येक सिगरेट बट या टिशू से कम से कम 1.6 गैलन पानी भी बहता है। अपने टॉयलेट के टैंक में एक प्लास्टिक की बोतल डालें एक लीटर की बोतल के नीचे एक या दो इंच रेत या कंकड़ डालें ताकि उसका वजन कम हो सके। बोतल के बाकी हिस्से को पानी से भरें और इसे अपने शौचालय के टैंक में सुरक्षित रूप से ऑपरेटिंग तंत्र से दूर रखें। एक औसत घर में, बोतल शौचालय की दक्षता को नुकसान पहुँचाए बिना हर दिन पाँच गैलन या उससे अधिक पानी बचा सकती है। यदि आपका टैंक काफी बड़ा है, तो आप दो बोतलें भी डाल सकते हैं। कम समय तक स्नान करें एक सामान्य शॉवर में एक मिनट में दो से पांच गैलन पानी का इस्तेमाल होता है। अपने शॉवर को साबुन लगाने, धोने और धोने में लगने वाले समय तक ही सीमित रखें। पानी बचाने वाले चैनल हेड या फ्लो रिस्ट्रिक्टर लगाया गया तो हार्डवेयर या प्लंबिंग सप्लाई स्टोर में सस्ते शॉवर हेड या फ्लो रिस्ट्रिक्टर उपलब्ध हैं जो शॉवर के फ्लो को पांच से दस गैलन प्रति मिनट के बजाय लगभग तीन गैलन प्रति मिनट तक कम कर देंगे। इन्हें लगाना भी आसान है. इससे शॉवर भी साफ और तरोताजा रहेगा।

स्नान करें आंशिक रूप से भरा हुआ टब, सबसे छोटे शावर को छोड़कर बाकी सभी शावरों की तुलना में कम पानी का उपयोग करता है। हर बूंद का महत्व समझें उक्त कार्यक्रम में गांव के सरपंच कमलेश्वर बघेल एवं पंच, हेल्प एंड हेल्प समिति से सौरभ सिंह, युवराज तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कोऑर्डिनेटर राजकुमार कोसले, मनोज कुमार राठौर, उत्कर्ष कावले उपस्थित रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202407092100014
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्तार फारूक पिता स्व. अब्दुल हमीद उम्र 58 वर्ष जाति मुसलमान निवासी भगत सिंह चौक, वार्ड नम्बर 18 डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) के पिता स्वर्गीय अब्दुल हमीद के नाम पर नजूल नगर डोंगरगढ़ शीट क्रमांक 2. भूखण्ड क्रमांक कमशः 699/53, 803 सम्मिलित भूखण्ड 807 क्षेत्रफल क्रमशः 1000 वर्गफीट, 3150 वर्गफीट, 1961 वर्गफीट भूमि मकान स्थित है। आवेदक के पिता स्वर्गीय अब्दुल हमीद की मृत्यु दिनांक 03/10/2023 को डोंगरगढ़ में निवास करते हो गई है एवं माता साजेदा खातुन की भी मृत्यु दिनांक 16/10/1997 को डोंगरगढ़ में निवास करते हो गई है। नजूल नगर डोंगरगढ़ शीट क्रमांक 2, भूखण्ड क्रमांक क्रमशः 699/5 अ, 803 सम्मिलित भूखण्ड 807 क्षेत्रफल क्रमशः 1000 वर्गफीट, 3150 वर्गफीट, 1961 वर्गफीट भूमि मकान के नजूल अभिलेखों में स्वर्गीय अब्दुल हमीद का नाम विलोपित कर आवेदक मुख्तार फारूक, मोहम्मद आकील, मोहम्मद जावेद अहमद, शगुफ्ता फिरदौस, शगुफा फिरदौस, दरख्शीन्दह बेगम मिर्जा का नाम दर्ज करने का आदेश पारित करने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 31/07/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुनील कुमार जुमनानी पिता टीकमदास जुमनानी निवासी Q-13 वी.आई.पी. चौक जीवन विहार कालोनी-तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) पिन 492001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सुनील जुमननी पिता टीकमदास जुमननी रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सुनील जुमननी पिता टीकमदास जुमननी से ही जाना पहचाना जाए।

सुनील जुमननी
रायपुर, छत्तीसगढ़
पिनः- 492001 (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जगदलपुर, जिला-बस्तर ( छ.ग. )**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/1704/न.पा.नि./स्वा.शा./2024 जगदलपुर, दिनांक 10/07/2024

नगरपालिक निगम जगदलपुर क्षेत्रांतर्गत आवारा कुत्तों को पकड़कर बधियाकरण एवं रेबिज टीकाकरण का कार्य करवाया जाना है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/एनजीओ के द्वारा उक्त कार्य करने हेतु निविदा प्रपत्र 'सी' फार्म में भरने की अंतिम तिथि 25/07/2024 समय 5:30 बजे तक मुहर बन्द लिफाफा में भरकर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 26/07/2024 को समय अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। जिसकी अलग से सूचना नहीं दी जावेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि FDR | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आवारा कुत्तों को पकड़कर बधियाकरण एवं टीकाकरण का कार्य हेतु | 10.00 | 20,000.00 | 750.00 |

टिपः-निविदा फार्म भरने के पूर्व स्वास्थ्य शाखा में सम्पर्क कर नियम एवं शर्तें प्राप्त करें।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
जगदलपुर




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26